व्याकरण की उपक्रमणिका ।

श्रीयुत बाबू प्यारीमोहन वन्द्योपाध्याय

ने

श्रीयुत पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर कृत पुस्तक से

अनुवाद किया ।

बाबू शीतलप्रसाद चट्टोपाध्याय

ने

संशोधन करके प्रचारित किया ।

THE

ELEMENTS OF

SANSKRIT GRAMMAR

IN HINDEE.

TRANSLATED FROM

PANDIT ISWARACHANDRA VIDYASAGARA'S

BENGALI UPAKRAMANIKA,

BY THE LATE

BABOO PEAREE MOHUN BANERJEE.

EDITED AND EMENDED BY

BABOO SITAL PRASAD CHATTERJEE,

Vakil, High Court, N. W. P.

PRINTED AT THE DINAPORE "CENTRAL" PRESS.

1884.

व्याकरण की उपक्रमणिका ।

श्रीयुत बाबू प्यारीमोहन वन्द्योपाध्याय

ने

श्रीयुत पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर कृत पुस्तक से

अनुवाद किया ।

बाबू शीतलप्रसाद चट्टोपाध्याय

ने

संशोधन करके प्रचारित किया ।

THE

ELEMENTS OF

SANSKRIT GRAMMAR

IN HINDEE.

TRANSLATED FROM

PANDIT ISWARACHANDRA VIDYASAGARA'S

BENGALI UPAKRAMANIKA,

BY THE LATE

BABOO PEAREE MOHUN BANERJEE.

EDITED AND EMENDED BY

BABOO SITAL PRASAD CHATTERJEE,

Vakil, High Court, N. W. P.

PRINTED AT THE DINAPORE "CENTRAL" PRESS.

1884.

Price 8 Annas.] [मूल्य ॥)

भूमिका चतुर्थ संस्करण की ।

हमारे स्वर्गीय मातुल महोदय बाबू प्यारीमोहन वन्द्योपाध्याय ने बड़ा यत्न और आयास के साथ इस पुस्तक को यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों के उपकार के निमित्त अनुवाद किया था और उनके सामने इसका तीन मुद्राङ्कन हो गया था । अधुना सब पुस्तक बिक जाने के कारण से इसका पुनर्मुद्राङ्कन अवश्य है । परन्तु बाबू साहेब का महीना नवम्बर सन् १८७४ ई० में देहान्त हो गया ; इस कारण करके जिस में विद्यार्थियों के संस्कृत पढ़ने में प्रतिबन्धक न हो मैं इसका छापे का दोष संशोधन करके और समाप्ति के पूर्व तद्धित् प्रत्यय का कुछ विशेष विवरण लिख कर इस पुस्तक को सर्वाङ्गसम्पन्न कर के मुद्रित किया । इससे पाठक वर्ग का यदि कुछ भी साहाय्य हो तो मैं अपने परिश्रम को सफल जानूंगा इति ।

इलाहाबाद
२७ सेप्टेम्बर सन् १८७६ } श्री शीतलप्रसाद चट्टोपाध्याय ।

भूमिका ।

संस्कृत व्याकरण अति कठिन होने के कारण बालकों की समझ में शीघ्र नहीं आता और तोते के समान जो उनको सिखलाया जाता है उससे बहुत काल व्यर्थ नष्ट होता है इस कारण बालकों के निमित्त इस पुस्तक को प्रस्तुत किया है इससे हमारे देश के लड़कों का कुछ भी उपकार हो तो मैं अपने परिश्रम को सफल जानूंगा । "यूनीवर्सिटी" अर्थात् प्रधान विद्यालय की परीक्षा के लिए अंगरेजी और संस्कृत अथवा अरबी भाखा का ज्ञान अवश्य है इस लिए अब प्रायः बालकों को संस्कृत पढ़ना पड़ेगा और संस्कृत भाषा के समान और कोई भाषा कम उत्तम है जो यह क्षुद्र पुस्तक सामान्यतः लोगों के मनों को प्रिय लगी तो मेरा विचार है कि प्रसिद्ध पण्डित ईश्वरचन्द्र विद्यासागर की व्याकरण कौमुदी को मैं हिन्दी भाषा में उल्था करूं । और पहिली बार छपने में जो अति आवश्यक बातें भूल हो में रह गई रहीं सो पण्डितों की सम्मति अनुसार बढ़ा दी गई ।

इस पुस्तक पर रजष्टरी कराई गई है अतएव यदि मेरे अनुमति बिना इसको कोई छपावे तो कानून अनुसार दण्ड पावेगा ।

बाराणसी
१ अक्तूबर सन् १८७० } श्री प्यारीमोहन वन्द्योपाध्याय ।

सूचीपत्र ।

पृष्ठा

स्वरान्त शब्द पुंलिङ्ग ।

पृष्ठ

स्वरान्त स्त्री लिङ्ग ।

स्वरान्त नपुंसक लिङ्ग ।

व्यञ्जनान्त शब्द पुंलिङ्ग ।

स्त्री लिङ्ग ।

श्रीगणेशाय नमः ।

व्याकरण की उपक्रमणिका ।

वर्णनिर्णय ।

१] अ इ उ, क ख ग, इत्यादि एक एक को वर्ण कहते हैं। वर्ण दो प्रकार के हैं; स्वर अथवा अच्, व्यञ्जन, अथवा हल् ।

स्वर वर्ण ।

२] अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ए ऐ ओ औ इन्ही त्रयोदश वर्णों को स्वर कहते हैं। स्वर तीन प्रकार के हैं; ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत । अ इ उ ऋ ऌ, इन पांच वर्णों को ह्रस्व स्वर और एक मात्रिक कहते हैं । आ ई ऊ ॠ ए ऐ ओ औ, इन आठ वर्णों को दीर्घ स्वर और द्विमात्रिक कहते हैं। आ३ ई३ ऊ३ ॠ३ ऌ३ ए३ ऐ३ ओ३ औ३ इन आठों तीन अङ्कवालों को प्लुत स्वर और त्रिमात्रिक कहते हैं। इन चारों ह्रस्वों के प्रत्येक अठारह २ भेद जानना । और प्रत्येक चारों के बारह २ भेद जानना । यथा, ह्रस्व उदात्त अनुनासिक। ह्रस्व अनुदात्त अनुनासिक। ह्रस्व स्वरित अनुनासिक। ह्रस्व उदात्त निरनुनासिक । ह्रस्व अनुदात्त निरनुनासिक । ह्रस्व स्वरित निरनुनासिक। दीर्घ और प्लुत इन दोनों को भी इसी प्रकार से जानना। और किसी वर्णों को व्यञ्जन और किसी को स्वर क्यों कहते हैं, इसका भेद यह है कि जो वर्ण स्वर की सहायता चाहते हैं अर्थात् स्वर के विना जिन्हों का उच्चारण नहीं हो सक्ता वे वर्ण व्यञ्जन अर्द्धमात्रिक और हल् कहे जाते हैं और जो वर्ण व्यञ्जन की सहायता विना उच्चारण में आते हैं वे वर्ण स्वर और अच् कहलाते हैं, और ह्रस्व, दीर्घ, और प्लुत स्वर अथवा अच् कहे जाते हैं, इसके भेद ये हैं, जिन स्वरों के उच्चारण में थोड़ा काल लगता है वे ह्रस्व कहलाते हैं और जिनके उच्चारण में इससे दूना काल लगे वे दीर्घ कहलाते हैं, और जिन्हों के उच्चारण में तिगुना काल लगे वे प्लुत कहलाते हैं

किन्तु प्लुत स्वर के आगे तीन के अङ्क का चिन्ह रहता है। लृकार दीर्घ नहीं है। ए ऐ ओ औ ये चारों वर्ण ह्रस्व नहीं हैं।

व्यञ्जन वर्ण।

३] क ख ग घ ङ, च छ ज झ ञ, ट ठ ड ढ ण, त थ द ध न, प फ ब भ म, य र ल व श ष स ह; ये ३३ व्यञ्जन वर्ण बोले जाते हैं। इनके मध्य में क से लेकर म पर्यन्त २५ स्पर्श वर्ण बोले जाते हैं। सकल स्पर्श वर्ण पांच वर्ग में विभक्त हैं। क ख ग घ ङ, ये ५ कवर्ग हैं। च छ ज झ ञ, ये ५ चवर्ग हैं। ट ठ ड ढ ण, ये ५ टवर्ग हैं। त थ द ध न, ये ५ तवर्ग हैं। प फ ब भ म, ये ५ पवर्ग हैं। य र ल व, ये ४ अन्तःस्थ वर्ण बोले जाते हैं। श ष स ह, ये ४ ऊष्म वर्ण बोले जाते हैं। अनुस्वार और विसर्ग, एक बिन्दु अनुस्वार कहलाता है, और स्वर के अनन्तर दो बिन्दु विसर्ग कहलाता है। इन दो वर्णों और जिह्वामूलीय* और उपध्मानीय का स्वर और व्यञ्जन से कुछ भी सम्बन्ध नहीं है तो भी रूप के सिद्धि में उपकारक होते हैं इस लिये अयोगवाह कहलाते हैं।

वर्णों के उच्चारण के स्थान।

४] अ आ आ३ क ख ग घ ङ ह, इनके उच्चारण का स्थान कण्ठ है। इस लिये ये कण्ठ्यवर्ण बोले जाते हैं।

५] इ ई ई३ च छ ज झ ञ य श, इनके उच्चारण का स्थान तालु है। इसलिये ये तालव्य वर्ण बोले जाते हैं।

६] ऋ ॠ ॠ३ ट ठ ड ढ ण र ष, इन के उच्चारण का स्थान मूर्द्धा है। इसलिये मूर्द्धन्य वर्ण बोले जाते हैं।

७] लृ लॄ३ त थ द ध न ल स, इन के उच्चारण का स्थान दन्त है। इसलिये ये दन्त्य वर्ण बोले जाते हैं, और इनका उच्चारण स्थान दन्त में युक्त देश भी है क्योंकि बिना दांतवाले भी इन्हों का उच्चारण करते हैं इस लिये दन्तसंयुक्त देश स्थान है।

८] उ ऊ ऊ३ प फ ब भ म ⌒प ⌒फ, इनके उच्चारण का स्थान ओष्ठ है। इनका नाम ओष्ठ्य वर्ण है।

---

* जिह्वामूलीय का जिह्वामूलही स्थान है इससे जिह्वामूलीय कहलाते हैं। जैसे ⌒क ⌒ख इन दोनोंके पूर्व यह चिन्ह रहता है।

९] ए ऐ ऐ३ इनके उच्चारण का स्थान कण्ठ और तालु है। इनका नाम कण्ठतालव्य वर्ण है।

१०] ओ औ औ३ इनका उच्चारण स्थान कण्ठ और ओष्ठ है। इन का नाम कण्ठ्यौष्ठ्य वर्ण है।

११] अन्तःस्थ वकार का उच्चारण स्थान दन्त और ओष्ठ है। इस का नाम दन्त्यौष्ठ्य वर्ण है।

१२] अनुस्वार का उच्चारण स्थान नासिका है; इसलिये इस का नाम अनुनासिक है।

१३] विसर्ग आश्रयस्थान भागी है अर्थात् जब जिस स्वर वर्ण के अनन्तर आता है, तब उसका उच्चारण स्थान उस विसर्ग का उच्चारण स्थान होता है।

१४] ङ ञ ण न म, ये वर्ण नासिका से भी उच्चारण होते हैं। इन को अनुनासिक भी कहते हैं। और ङ का कण्ठ ञ का तालु ण का मूर्द्धा न का दन्त और म का ओष्ठ स्थान भी जानना।

वर्णों के उच्चारण और प्रयत्न का नियम।

१५। कु चु टु तु पु अर्थात् कवर्ग इत्यादि ये पांचो वर्गों का स्पृष्ट प्रयत्न। य र ल व का ईषत् स्पृष्ट प्रयत्न। श ष स ह का ईषद्विवृत प्रयत्न। और स्वरों का विवृत प्रयत्न परन्तु ह्रस्व स्वरों के उच्चारण म संवृत प्रयत्न। रूप सिद्धि में सब स्वरों का विवृतही है।

सन्धिप्रकरण।

१६। दो वर्ण परस्पर निकटस्थ होने से मिल जाते हैं। इस मिलने का नाम सन्धि है; सन्धि दो प्रकार की है, स्वर सन्धि और व्यञ्जन सन्धि। स्वर वर्ण के साथ स्वर वर्ण की जो सन्धि होती है उस का नाम स्वर सन्धि है, जब स्वर वर्ण के साथ स्वर वर्ण की सन्धि नहीं होती इस को प्रकृतिभाव कहते हैं और प्रकृतिभाव नाम ज्यों का त्यों रहना अर्थात् युक्त न होना है। व्यञ्जन वर्ण के साथ व्यञ्जन वर्ण की अथवा व्यञ्जन वर्ण के साथ स्वर वर्ण की जो सन्धि होती है उसका नाम व्यञ्जन सन्धि है।

स्वर सन्धि ।

१७। यदि अकार के अनन्तर अकार वा आकार होवे तो दोनों मिलकर आकार होते हैं, और आकार पूर्व वर्ण संयुक्त होता है। यथा मम अङ्गः, ममाङ्गः; उत्तम अङ्गम्, उत्तमाङ्गम्; अद्य अवधि, अद्यावधि; रत्न आकरः, रत्नाकरः; देव आलयः, देवालयः; कुश आसनम्, कुशासनम्; देव अर्घः, देवार्घः; दण्ड आनयनम्, दण्डानयनमित्यादि।

१८। यदि आकार के अनन्तर अकार वा आकार होवे तो दोनों मिलकर आकार होजाता है। और आकार में पूर्व वर्ण युक्त हो जाता है। यथा, दया अर्णवः, दयार्णवः; महा अर्घः, महार्घः; लता अन्तः, लतान्तः; महा आशयः, महाशयः; गदा आघातः, गदाघातः; विद्या आलयः, विद्यालयः; विद्या अस्ति, विद्यास्ति; दया अस्ति, दयास्ति।

१९। यदि इकार के अनन्तर इ अथवा ई होवे तो दोनों मिलकर दीर्घ ईकार हो जाता है ईकार पूर्व वर्ण में युक्त हो जाता है। यथा गिरि इन्द्रः, गिरीन्द्रः; अति इव, अतीव; प्रति इतिः, प्रतीतिः; कवि ईश्वरः, कवीश्वरः; क्षिति ईशः, क्षितीशः; प्रति ईक्षा, प्रतीक्षा।

२०। यदि ईकार के आगे इ किंवा ई रहै तो दोनों मिलकर दीर्घ ईकार होजाते हैं; ईकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है; यथा, मही इन्द्रः, महीन्द्रः; महती इच्छा, महतीच्छा; लक्ष्मी ईशः, लक्ष्मीशः; पृथ्वी ईश्वरः, पृथ्वीश्वरः; सती ईशः, सतीशः।

२१। यदि ह्रस्व उकार के आगे उ किंवा ऊ रहै तो दोनों मिलकर दीर्घ ऊकार होते हैं। ऊकार पूर्व वर्ण में युक्त होता है। यथा, विधु उदयः, विधूदयः; मधु उत्सवः, मधूत्सवः; स्वादु उदकम्, स्वादूदकम्; साधु उक्तम्, साधूक्तम्; लघु ऊर्मिः, लघूर्मिः; गुरु ऊहः, गुरूहः।

२२। यदि दीर्घ ऊकार के आगे उ किंवा ऊ रहै तो दोनों मिलकर दीर्घ ऊकार होता है। ऊकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, वधू उत्सवः, वधूत्सवः; स्वयम्भू उदयः, स्वम्भूदयः; भू ऊर्द्ध्वम्, भूर्द्ध्वम्; वधू ऊहनम्, वधूहनम्।

२३। यदि ऋकार के आगे ऋकार रहे तो दोनों मिलकर दीर्घ ॠकार होते हैं। ॠकार पूर्व वर्ण में युक्त होता है । यथा पितृ ऋणम्, पितॄणम्; भ्रातृ ऋद्धिः, भ्रातॄद्धिः।

२४। यदि पद के अन्त में स्थित अकार अथवा आकार के अनन्तर अथवा इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, के आगे ह्रस्व ऋ ऌ रहे तो सन्धि का विकल्प जानना। यथा, ब्रह्म ऋषिः, ब्रह्मर्षिः; राजा ऋषिः, राजर्षिः; दधि ऋच्छति, दध्यृच्छति; मधु ऋच्छति, मध्वृच्छति; पितृ ऋणम्, पितॄणम्; भ्रातृ ऋद्धिः, भ्रातॄद्धिः।

२५। यदि अकार के आगे इ किंवा ई रहे तो दोनों मिलकर एकार होता है। एकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, देव इन्द्रः, देवेन्द्रः; पूर्ण इन्दुः, पूर्णेन्दुः; गण ईशः, गणेशः; अव ईक्षणम्, अवेक्षणम्।

२६। यदि आकार के आगे इ किंवा ई रहे तो दोनों मिलकर एकार होते हैं। एकार पूर्व वर्ण में युक्त होता है। यथा, महा इन्द्रः, महेन्द्रः; लता इव, लतेव; रमा ईशः, रमेशः; महा ईश्वरः, महेश्वरः।

२७। यदि अकार के आगे उकार किंवा ऊकार रहे तो दोनों मिलकर ओकार होते हैं। ओकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, नील उत्पलम्, नीलोत्पलम्; सूर्य उदयः, सूर्योदयः; एक ऊनविंशतिः, एकोनविंशतिः; गृह ऊर्द्धम्, गृहोर्द्धम्।

२८। यदि आकार के परे उकार किंवा ऊकार रहे तो दोनों मिलकर ओकार होते हैं। ओकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, महा उदयः, महोदयः; गङ्गा उदकम्, गङ्गोदकम्; गङ्गा ऊर्मिः, गङ्गोर्मिः; महा ऊर्मिः, महोर्मिः।

२९। यदि आकार के आगे ऋ रहे तो पूर्व आकार और पर ऋ दोनों के स्थान में अर् होता है। और पूर्व वर्ण अ में युक्त होता है और र परवर्ण के मस्तक पर चला जाता है। यथा, देव ऋषिः, देवर्षिः; हिम ऋतुः, हिमर्तुः।

३०। यदि आकार के उत्तर ऋकार होवे तो आकार के स्थान

में अकार होता है और ऋकार के स्थान र होता है। र परवर्ण के मस्तक पर चला जाता है। यथा, महा ऋषिः, महर्षिः ; देवता ऋषभः, देवतर्षभः।

३१। यदि आकार के परे ए किंवा ऐकार रहे तो दोनों मिलकर ऐकार होता है। ऐकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, अद्य एव, अद्यैव ; एक एकम्, एकैकम् ; मत ऐक्यम्, मतैक्यम् ; तव ऐश्वर्यम्, तवैश्वर्यम्।

३२। यदि आकार के आगे ए किंवा ऐ रहे तो दोनों मिलकर ऐकार होता है। ऐकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, सदा एव, सदैव ; तथा एतत्, तथैतत् ; महा ऐरावतः, महैरावतः ; महा ऐश्वर्यम्, महैश्वर्यम्।

३३। यदि अकार के परे ओ किंवा औ रहे तो दोनों मिलकर औकार होते हैं। औकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, जल ओघः, जलौघः ; ग्राम ओकः, ग्रामौकः ; चित्त औदार्यम्, चित्तौदार्यम् ; गत औत्सुक्यः, गतौत्सुक्यः ; कृष्ण औत्कण्ठ्यम्, कृष्णौत्कण्ठ्यम्।

३४। यदि आकार के परे ओ किंवा औ रहे तो दोनों मिलकर औकार होता है। औकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है। यथा, महा ओषधिः, महौषधिः ; सदा ओदनम्, सदौदनम् ; महा औदार्यम्, महौदार्यम् ; सदा औत्सुक्यम्, सदौत्सुक्यम्।

३५। इ के आगे इ ई भिन्न स्वर वर्ण रहने से ह्रस्व ई के स्थान में य् होता है। पूर्व वर्ण और य् ये दोनों परस्पर में युक्त होते हैं यथा, यदि अपि, यद्यपि ; अति आचारः, अत्याचारः ; अभि उदयः, अभ्युदयः ; प्रति ऊहः, प्रत्यूहः ; मुनि ऋषभः, मुन्यृषभः, प्रति एक, प्रत्येक ; अति ऐश्वर्यम्, अत्यैश्वर्यम् ; पचति ओदनम्, पचत्योदनम् ; अति औदार्यम्, अत्यौदार्यम्।

३६। इ ई भिन्न स्वर वर्ण के परे रहने से दीर्घ ई य होता है। पूर्व वर्ण और य् परस्पर में युक्त होते हैं। यथा, नदी अम्बु ; नद्यम्बु देवी आगता, देव्यागता ; सखी उत्तम्, सख्युत्तम् ; मधी ऊर्द्धगः, मध्यूर्द्धगः ; वधी [illegible] ; गोपी एषा, गोप्येषा ; वधी

ऐरावतः, बलैरावतः; सरस्वती ओघः, सरस्वत्योघः; वाणी औचित्यम्, वाण्यौचित्यम्।

३७। उ के परे उ ऊ भिन्न स्वर वर्ण रहने से ह्रस्व उ के स्थान में व होता है। पर्व वर्ण और व् परस्पर में युक्त होते हैं। यथा, अनु अयः, अन्वयः; सु आगतम्, स्वागतम्; मधु इदम्, मध्विदम्; साधु ईहितम्, साध्वीहितम्; मधु ऋते, मध्वृते; अनु एषणम्, अन्वेषणम्; अनु एधिष्ट, अन्वेधिष्ट; पचतु ओदनम्, पचत्वोदनम्; ददतु औषधम्, ददत्वौषधम्।

३८। ऊ के परे उ ऊ भिन्न स्वर वर्ण रहने से दीर्घ ऊकार के स्थान में व् होता है पूर्व वर्ण व में युक्त होकर अनन्तर परस्वर में युक्त होता है, यथा, सरयु अम्बु, सरय्वम्बु; वधू आदि, वध्वादि; तनू इन्द्रियम्, तन्विन्द्रियम्; तनू ईश्वरः, तन्वीश्वरः; सरयू एधितम्, सरय्वेधितम्; वधू ऐश्वर्यम्, वध्वैश्वर्यम्; सरयू ओघः, सरय्वोघः; वधू औदार्यम्, वध्वौदार्यम्।

३९। ऋ के परे ऋ भिन्न स्वर वर्ण रहने से ऋ के स्थान में र होता है पर्व वर्ण र में युक्त होकर अनन्तर परस्वर में युक्त होता है। यथा पितृ अनुमति, पित्रनुमति; पितृ आदेशः, पित्रादेशः; पितृ इच्छा, पित्रिच्छा; पितृ ईहितम्, पित्रीहितम्; पितृ उपदेशः, पित्रुपदेशः; पितृ ऊहः, पित्रूहः; पितृ एषणा, पित्रेषणा; पितृ ऐश्वर्यम्, पित्रैश्वर्यम्; पितृ ओकः, पित्रोकः; पितृ औदार्यम् पित्रौदार्यम्।

४०। ए के परे स्वर वर्ण रहने से एकार के स्थान में अय् होता है पूर्व वर्ण अकार में युक्त होता है और यकार परस्वर में युक्त होता है। यथा, शे अनम्, शयनम्; ने अनम्, नयनम्; जे अति, जयति; संचे अः, संचयः; शे आते, शयाते; अशे आताम्, अशयाताम्; शे इतम्, शयितम्; अशे इष्ट, अशयिष्ट; शे इतः, शयितः; शे इरन्, शयिरन्; शे ए, शये; शे ऐ शयै।

४१। ऐ के परे स्वर वर्ण रहने से ऐकार के स्थान में आय होता है आकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है और यकार परस्वर में युक्त होता है। यथा [illegible]

रै आ, राया ; रै इ, रायि ; रै ए, राये ; रै ओः, रायोः ।

४२। ओकार के परे स्वर वर्ण रहने से ओकार के स्थान में अव होता है। अकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है, और परस्वर में वकार युक्त होता है। यथा, भो अनम्, भवनम् ; पो अनः, पवनः ; श्रो अणम्, श्रवणम्; गो आ, गवा ; भो इता, भविता ; पो इत्रम्, पवित्रम् ; गो ए, गवे ; गो ओः, गवोः ।

४३। औकार के परे स्वर वर्ण रहने से औकार के स्थान में आव होता है। आकार में पूर्व वर्ण युक्त होता है ; और वकार परस्वर वर्ण में युक्त होता है। यथा, पौ अकः पावकः ; नौ आः; नावाः ; भौ इनी, भाविनी ; भौ उकः, भावुकः , नौ ए, नावे ; नौ ओ, नावो ; नौ औ, नावौ ।

४४। पद के अनन्तर में एकार अथवा ओकार के आगे जो ह्रस्व अकार रहता है उसका लोप अथवा पूर्व रूप हो जाता है। पूर्व रूप होने से अकार का जो चिन्ह रहता है उसको लुप्त अकार कहते हैं और रूप उसका ऽ ऐसा होता है। यथा, कवे अवेहि, कवेऽवेहि; सखे अर्पय, सखेऽर्पय ; प्रभो अनुगृहाण, प्रभोऽनुगृहाण ; गुरोअनुमन्यस्व, गुरोऽनुमन्यस्व ।

व्यञ्जन सन्धिः।

४५। त और द के परे यदि च अथवा छ होवे तो त और द के स्थान में च होता है। यथा, महत् चक्रम्, महच्चक्रम् ; भवत् चरणम्, भवच्चरणम् ; उत् चारणम्, उच्चारणम् ; एतत् चन्द्रमण्डलम्, एतच्चन्द्रमण्डलम् ; विपद् च, विपच्च ; तद् चलनम, तच्चलनम् ; महत् छत्रम्, महच्छत्रम्; भवत् छलनं, भवच्छलनं ; उत् छिनत्ति, उच्छिनत्ति ; तद् छवि, तच्छवि ; एतद् छाया, एतच्छाया ।

४६। यदि त और द के परे ज अथवा झ होवे तो त और द के स्थान ज होता है। यथा, भवत् जीवनम्, भवज्जीवनम् ; उत् ज्वलः, उज्ज्वलः ; सरित् जलम्, सरिज्जलम् ; तत् जन्म, तज्जन्म ; एतद् जननम्, एतज्जननम् ; विपद् जालम्, विपज्जालम् ; महत् झंझनम्, महज्झंझनम्; तद् झनत्कारः, तज्झनत्कारः ।

४७। यदि ... न ... उ... में ज अथवा झ होवे तो न

के स्थान ञ् होता है। यथा, महान् जयः, महाञ्जयः; राजन् जाग्रहि, राजञ्जाग्रहि; भवान् जीवतु, भवाञ्जीवतु; उद्यन्झङ्कारः, उद्यञ्झङ्कारः; वीरमन् झनत्कारः, वीरमञ्झनत्कारः; गच्छन् झटिति, गच्छञ्झटिति।

४८। यदि पद के अन्त के त अथवा द परे तालव्य श होवे तो त और द के स्थान में च और श के जगह पर छ होता है। यथा, जगत् शरणम्, जगच्छरणम्; महत् शकटम्, महच्छकटम्; तद् शरीरम्, तच्छरीरम्; एतद् शकाब्दीयम्, एतच्छकाब्दीयम्।

४९। यदि पद के अन्त के नकार के परे तालव्य शकार होवे तो न् के स्थान में ञ् और श के स्थान में छ होता है। यथा, महान् शब्दः, महाञ्छब्दः; धावन् शशः, धावञ्छशः; निन्दन् शठः, निन्दञ्छठः।

५०। यदि पद के अन्त के त अथवा द के परे ह होवे तो त के स्थान में द और ह के स्थान में ध होता है। यथा, उत् हतः, उद्धतः; उत् हरणम्, उद्धरणम्; महत् हसनम, महद्धसनम्; तत् हितम्, तद्धितम्; तत् हेयम्, तद्धेयम्; विपद् हेतुः, विपद्धेतुः।

५१। यदि च अथवा ज के परे दन्त्य न होवे तो न के स्थान में ञ होता है। यथा, याच् ना, याच्ञा; यज् नः, यज्ञः; यज् नाति, यज्ञाति; जज निषे, जज्ञिषे; जज निध्वे, जज्ञिध्वे; जज् ने, जज्ञे; राज् ना, राज्ञा; राज् नी, राज्ञी; ज और ञ ये दोनों वर्ण जब संयुक्त होते हैं तब ज्ञ ऐसा वर्ण लिखा जाता है और ज्ञ भी बोला जाता है।

५२। यदि त और द के परे ट और ठ होवे, तो त और द के स्थान मेंट होता है। यथा, उत् टलति, उट्टलति; महत् टङ्कनम्, महट्टङ्कनम्; तद् टीका, तट्टीका; एतद् टङ्कारः, एतट्टङ्कारः; सद् ठकारः, सट्ठकारः; एतद् ठक्कुरः, एतट्ठक्कुरः।

५३। यदि त और द के परे ड अथवा ढ होवे तो त और द के स्थान ड होता है। यथा, उत् डीनम्, उड्डीनम्; भवत् डमरुः, भवड्डमरुः; तत् डिमडिम्, तड्डिमडिम्; एतद् डामरः, एतड्डामरः; उत् ढौकते, उड्ढौकते; महत् ढालम्, महड्ढालम्; एतद् ढक्का, एतड्ढक्का; तत् ढुण्ढनम्, तड्ढुण्ढनम्।

५४। दन्त्य न के परे ड अथवा ढ होवे तो दन्त्य न के स्थान में मूर्द्धन्य ण होता है। यथा, महान् डामरः, महाण्डामरः; रुवन् डिम्डिमः, रुवण्डिमडिमः; भवान् ढुण्ढते, भवाण्ढुण्ढते; राजन् ढौकसे, राजण्ढौकसे।

५५। मूर्द्धन्य ष आगे रहने से त के स्थान में ट और थ रहने से थ के स्थान में ठ होता है। यथा, आकृष् तः, आकृष्टः; स्रष् ता, स्रष्टा; द्रष् ता, द्रष्टा; निविष् तः, निविष्टः; प्रविष् तः, प्रविष्टः; उत्कृष् तः, उत्कृष्टः; षष् थः, षष्ठः।

५६। यदि लकार परे होवे तो त, द, और न, के स्थान में ल होता है। परन्तु न के स्थान में अनुनासिक लँ होता है इस पर यह ँ चिन्ह रहता है। यथा, बृहत् ललाटम्, बृहल्ललाटम्; उत् लिखति, उल्लिखति; तद् लीलायितम्, तल्लीलायितम्; एतद् लीलोद्यानम्, एतल्लीलोद्यानम्; महान् लाभः, महाल्लाँभः; भवान् लभते, भवाँल्लभते।

५७। यदि ह्रस्व स्वर वर्ण से आगे ङ ण अथवा न होवे और उसके परे फिर स्वर वर्ण हो तो ये तीनों द्वित्व हो जाते हैं और परस्वर में युक्त होता है। प्रत्यङ् आत्मा, प्रत्यङ्ङात्मा; सुगण् अच्युति, सुगण्णच्युति; धावन् अश्वः, धावन्नश्वः; हसन् आगतः, हसन्नागतः; चिन्तयन् इह, चिन्तयन्निह; सृजन् ईश्वरः, सृजन्नीश्वरः; स्मरन् उवाच, स्मरन्नुवाच।

५८। यदि दीर्घ स्वर के परे न होवे तो उस को द्वित्व नहीं होता है। यथा, महान् आग्रहः, महानाग्रहः; कवीन् आह्वय, कवीनाह्वय; साधून् आद्रिय, साधूनाद्रिय; भ्रातॄन् अनुगृह्णीष्व, भ्रातॄननुगृह्णीष्व।

५९। यदि च अथवा छ परे होवे तो पूर्व पद के अन्तेस्थित न के स्थान में दन्त्य स होकर तालव्य श् हो जाता है और जो पूर्व स्वर है उस के ऊपर अनुस्वार अनुनासिक हो जाता है अनुनासिक का चिन्ह यह ँ यथा, पश्यन् चकितः, पश्यँश्चकितः; पश्यंश्चकितः, हसन् चलितः, हसँश्चलितः, हसंश्चलितः; नृत्यन् चकोरः, नृत्यँश्चकोरः, नृत्यंश्चकोरः; धावन् छागः, धावँश्छागः, धावंश्छागः; महान् छेदः,

महाँश्छेदः, महांश्छेदः; विराजन् छायापथः, विराजँश्छायापथः, विराजंश्छायापथः ।

६० । यदि ट अथवा ठ परे होवे तो पद के अन्तेस्थित नकार के स्थान में स होता है और उस के पूर्व स के ऊपर अनुस्वार और अनुनासिक होता है और दन्त्य स के स्थान में मूर्द्धन्य ष होता है वह ष पर व्यञ्जन में संयुक्त होता है तब ऐसा वह लिखा जाता है ष्ट ष्ठ। यथा, चलन् टिट्टिभः, चलँष्टिट्टिभः; चलंष्टिट्टिभः; उद्यन् टङ्कारः, उद्यँष्टङ्कारः, उद्यंष्टङ्कारः; महान् ठक्कुरः, महाँष्ठक्कुरः, महांष्ठक्कुरः ।

६१ । यदि त अथवा थ परे होवे तो पद के अन्तेस्थित न के स्थान में स होता है और उस के पूर्व स्वर को अनुस्वार और अनुनासिक होता है और पर व्यञ्जन में युक्त होकर ऐसा कहा और लिखा जाता है। पतन् तरुः, पतँस्तरुः; पतंस्तरुः, महान् तड़ागः, महाँस्तड़ागः; महांस्तड़ागः, उत्तिष्ठन् तरङ्गः, उत्तिष्ठँस्तरङ्गः; उत्तिष्ठंस्तरङ्गः, शाम्यन् तापः, शाम्यँस्तापः; शाम्यंस्तापः, क्षिपन् थुत्कारः, क्षिपँस्थुत्कारः; क्षिपंस्थुत्कारः ।

६२ । यदि अन्तःस्थ अथवा ऊष्म वर्ण परे होवे तो पद के अन्त में स्थित न के जगह अनुस्वार होता हैं। यथा, सत्वरम् याति, सत्वरंयाति; करुणम् रोदिति, करुणंरोदिति; विद्याम् लभते, विद्यांलभते; भारम् वहते, भारंवहते; शय्यायाम् शेते, शय्यायांशेते; कष्टम् सहते, कष्टंसहते; मधुरम् हसति, मधुरंहसति ।

६३ । यदि स्पर्श वर्ण परे होवे तो पद के अन्तेस्थित म् के स्थान में अनुस्वार होता है। अथवा जो वर्ग का वर्ण पर पद में होवे उस वर्ग का पञ्चम वर्ण होता है; यथा, किम् करोषि, किंकरोषि, किङ्करोषि; गृहम् गच्छ, गृहंगच्छ, गृहङ्गच्छ, क्षिप्रम् चलति, क्षिप्रंचलति, क्षिप्रञ्चलति; शत्रुम् जहि, शत्रुंजहि; शत्रुञ्जहि; नदीम् तरति, नदींतरति, नदीन्तरति, धनम् ददाति, धनंददाति, धनन्ददाति; स्तनम् धयति; स्तनंधयति, स्तनन्धयति, गुरुम् नमति, गुरुंनमति; गुरुन्नमति, चन्द्रम् पश्यति, चन्द्रंपश्यति; चन्द्रम्पश्यति;

किम् फलम्, किंफलम् ...

सत्यम्ब्रूयात्, मधुरम् भाषते, मधुरंभाषते, मधुरम्भाषते ; शास्त्रम् मीमांसते, शास्त्रंमीमांसते, शास्त्रम्मीमांसते ।

६४ । यदि छ उत्तर पद में होवे तो ह्रस्व अथवा दीर्घ स्वर वर्ण के परे च अधिक हो जाता है और च छ मिलकर च्छ ऐसे लिखे जाते हैं । यथा, सित छत्रम्, सितच्छत्रम्; परि छदः, परिच्छदः ; अव छेदः, अवच्छेदः ; वृक्ष छाया, वृक्षच्छाया ; गृह छिद्रम्, गृहच्छिद्रम् ; परन्तु दीर्घ स्वर से परे च होता है और नहीं भी होता । यथा, लक्ष्मी छाया, लक्ष्मीच्छाया ; लक्ष्मीछाया ।

६५ । यदि स्वर वर्ण वा वर्ग का तृतीय, चतुर्थ वर्ण अथवा य, र, ल, व, अन्तर में होवे तो पद के अन्तेस्थित क के स्थान में ग होता है । यथा, दिक् अन्तः, दिगन्तः; वाक् आड़म्बरः, वागाड़म्बरः ; त्वक् इन्द्रियम्, त्वगिन्द्रियम् ; वाक् ईशः, वागीशः; सम्यक् उक्तम्, सम्यगुक्तम् ; धिक् ऋणाकारिणम्, धिगृणाकारिणम् ; प्राक् एव, प्रागेव ; धिक् ऐश्वर्य्यम्, धिगैश्वर्य्यम् ; सम्यक् ओजः, सम्यगोजः ; वाक् औचित्यम्, वागौचित्यम् ; दिक् गजः, दिग्गजः ; प्राक् धनोदयः, प्राग्धनोदयः ; वाक् जालम्, वाग्जालम् ; सम्यक् ढौकते, सम्यग्ढौकते ; सम्यक् झंकारः, सम्यगझङ्कारः ; सम्यक् डयते, सम्यग्डयते ; वाक् दानम्, वाग्दानम् ; धिक् धनगर्वितम्, धिग्धनगर्वितम् ; वाक् बाहुल्यम्, वाग्बाहुल्यम् ; दिक् भागः, दिग्भागः ; धिक् याचकम्, धिग्याचकम् ; वाक् रोधः, वाग्रोधः ; धिक् लोभिनम्, धिग्लोभिनम् ; सम्यक् वदति, सम्यग्वदति ।

६६ । यदि स्वर वर्ण अथवा ग, घ, द, ध, ब, भ, य, र, व, परे होवे तो अन्तेस्थित त के स्थान में द होता है । यथा, जगत् अन्तः, जगदन्तः; जगत् आदिः, जगदादिः ; जगत् इन्द्रः, जगदिन्द्रः ; जगत् ईशः, जगदीशः; भवत् उक्तम, भवदुक्तम् ; भवत् ऊहनम्, भवदूहनम् ; तत् ऋणम्, तदृणम्; जगत् एतत्, जगदेतत् ; महत् ऐश्वर्य्यम्, महदैश्वर्य्यम्; महत् ओजः, महदोजः ; महत् औषधम्, महदौषधम् ; बृहत् गहनम्, बृहद्गहनम् ; बृहत् घटः, बृहद्घटः ; भवत् दर्शनम्, भवद्दर्शनम् ; महत् धनुः, महद्धनुः ; महत् बन्धुः, महद्बन्धुः; महत् भयम्, महद्भयम् ; बृहत् यानम्, बृहद्यानम् ; बृहत् रथः,

बृहद्रथः ; महत् वनम्, महद्वनम् ।

६७ । यदि न अथवा म पर पद में होवे तो पूर्व पद के अन्तेस्थित क के स्थान में ङ और त द के स्थान में न होता है । यथा, दिक् नागः, दिङ्नागः ; जगत् नाथः, जगन्नाथः ; तद् नीरम्, तन्नीरम् ; प्राक् मुखः, प्राङ्मुखः ; भवत् मतम्, भवन्मतम् ; एतद् मानसम्, एतन्मानसम् ।

६८ । यदि च वा छ परे होवे तो विसर्ग के स्थान में तालव्य श होता है यथा, पूर्णः चन्द्रः, पूर्णश्चन्द्रः ; ज्योतिः चक्रम्, ज्योतिश्चक्रम् ; निः चितः, निश्चितः ; वायुः चलति, वायुश्चलति ; धावितः छागः, धावितश्छागः ; रवेः छविः, रवेश्छविः ; तरोः छाया, तरोश्छाया ; रज्जुः छिद्यते, रज्जुश्छिद्यते ।

६९ । यदि ट अथवा ठ पर भाग में होवे तो विसर्ग के स्थान में मूर्द्धन्य ष होता है । यथा, भीतः टलति, भीतष्टलति ; उड्डीनः टिट्टिभः, उड्डीनष्टिट्टिभः ; धनुः टङ्कारः, धनुष्टङ्कारः ; स्थिरः ठकुरः, स्थिरष्ठकुरः ; भग्नः ठकुरः, भग्नष्ठकुरः ।

७० । यदि त अथवा थ पर भाग में होवे तो विसर्ग के स्थान में दन्त्य स होता है । यथा, उन्नतः तरुः, उन्नतस्तरुः ; नद्याः तीरम्, नद्यास्तीरम् ; भूमेः तलम्, भूमेस्तलम् ; क्षिप्रः थुत्कारः, क्षिप्रस्थुत्कारः ।

७१ । यदि ह्रस्व अकार के आगे विसर्ग और उस के परे ह्रस्व अकार होवे तो पूर्व अकार और विसर्ग के स्थान में ओकार होता है । और उन में पूर्व वर्ण युक्त होता है और पर का अकार पूर्व रूप होकर इस रूप से ऽ लिखा जाता है । यथा, नरः अयम्, नरोऽयम् ; नवः अङ्कुरः, नवोऽङ्कुरः ; तीक्ष्णः अङ्कुशः, तीक्ष्णोऽङ्कुशः ; ज्वलितः अङ्गारः, ज्वलितोऽङ्गारः ; वेदः अधीतः, वेदोऽधीतः ।

७२ । यदि वर्ग का तृतीय चतुर्थ वा पञ्चम वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह पर पद में होवे तो ह्रस्व अकार और विसर्ग के स्थान में ओकार हो जाता है । ओकार पूर्व वर्ण में युक्त होता है । यथा, शोभनः गन्धः, शोभनोगन्धः ; नूतनः घटः, नूतनोघटः ; सद्यः जातः, सद्योजातः ; मधुरः झङ्कारः, मधुरोझङ्कारः ; नवः डमरुः, नवोडमरुः ;

गजः ढौकते, गजोढौकते ; मूर्द्धन्यः नकारः, मूर्द्धन्योनकारः ; निर्वाणः दीपः, निर्वाणोदीपः ; अश्वः धावति, अश्वोधावति ; उन्नतः नगः, उन्नतोनगः ; दृढ़ः बन्धः, दृढ़ोबन्धः ; अकुतः भयः, अकुतोभयः ; अतीतः मासः, अतीतोमासः ; कृतः यत्नः, कृतोयत्नः ; भ्रान्तः रोषः, भ्रान्तोरोषः ; कृतः लोभः, कृतोलोभः ; भीतः वायुः, भीतोवायुः ; वामः हस्तः, वामोहस्तः ।

७३ । यदि अकार को छोड़ कर कोई दूसरा स्वर वर्ण पर पद में होवे तो अकार के आगे जो विसर्ग होता है उसका लोप हो जाता है लोप होने पर सन्धि नहीं होती है। यथा, कुतः आगतः, कुतआगतः ; नरः इव, नरइव ; कः ईहते, कईहते ; चन्द्रः उदेति, चन्द्रउदेति ; इतः ऊर्द्धम् इतऊर्द्धम् ; देवः ऋषिः, देवऋषि ; उच्चारितः ऌकारः, उच्चारितऌकार, कः एषः, कएषः ; कुतः ऐक्यम, कुतऐक्यम ; रक्तः ओष्टः, रक्तओष्टः ; राज्ञः औदार्य्यम् राज्ञऔदार्य्यम् ।

७४ । यदि स्वर अथवा वर्ग का तृतीय चतुर्थ वा पञ्चम वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह, उत्तर में होवे तो आकार के अग्र भाग में जो विसर्ग हों उस का लोप हो जाता है लोप होने पर सन्धि नहीं होती है। यथा, अश्वाः अमी, अश्वाअमी ; गजाः इमे, गजाइमे ; ताराः उदिताः, ताराउदिताः ; ऋषयः आगताः, ऋषयआगताः ; नराः एते, नराएते ; हताः गजाः, हतागजाः ; क्रीताः घटाः, क्रीताघटाः ; पुत्राः जाताः, पुत्राजाताः ; मधुराः झङ्काराः, मधुराझङ्काराः ; नवाः डमरवः, नवाडमरवः ; गजाः ढौकन्ते, गजाढौकन्ते ; निर्वाणाः दीपाः, निर्वाणादीपाः ; अश्वाः धावन्ति, अश्वाधावन्ति ; उन्नताः नगाः, उन्नतानगाः ; दृढ़ाः बन्धाः, दृढ़ाबन्धाः ; नराः भीताः, नराभीताः ; अतीताः मासाः, अतीतामासाः ; छात्राः यतन्ते, छात्रायतन्ते ; एताः रथ्याः, एतारथ्याः ; नराः लभन्ते, नरालभन्ते ; वाताः वान्ति, वातावान्ति ; बालकाः हसन्ति, बालकाहसन्ति ; बालकाः लपन्ति, बालकालपन्ति ।

७५ । यदि स्वर वर्ण वा वर्ग के तृतीय चतुर्थ पञ्चम वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह, पर भाग में होवे तो अ आ भिन्न स्वर वर्ण के आगे जो विसर्ग होता है उस के स्थान में र हो जाता है । यथा, कविः

अयम्, कविरयम् ; गतिः इयम्, गतिरियम् ; रविः ईरयति, रविरी-रयति ; श्रीः असौ, श्रीरसौ ; सुधीः एषः, सुधीरेषः ; बन्धुः आगतः, बन्धुरागतः ; गुरुः उवाच, गुरुरुवाच ; वधूः एषा, वधूरेषा ; भूः इ-यम, भूरियम ; मातृः अर्चय, मातृरर्चय ; दुहितृः आक्रय, दुहितृरा-क्रय ; रवेः उदयः, रवेरुदयः ; तैः उक्तम्, तैरुक्तम ; विधोः अस्तग-मनम्, विधोरस्तगमनम् ; प्रभोः आदेशः, प्रभोरादेशः ; गौः अयम्, गौरयम् ; ऋषिः गच्छति, ऋषिर्गच्छति ; हविः घ्राणम्, हविर्घ्रा-णम् ; गुरुः जयति, गुरुर्जयति ; क्षतैः झङ्कारैः, क्षतैर्झङ्कारैः ; नवैः डमरुभिः, नवैर्डमरुभिः ; गौः ढौकते, गौर्ढौकते ; रवेः दर्शनम्, रवेर्दर्श-नम् ; निः धनम्, निर्धनम् ; दुः नीतिः, दुर्नीतिः ; निः बन्धः, निर्ब-न्धः ; निः भयः, निर्भयः ; मुहुः मुहुः, मुहुर्मुहुः ; वह्निः योगः, व-ह्निर्योगः ; विधुः लीयते, विधुर्लीयते ; वायुः वाति, वायुर्वाति ; भिक्षुः हसतिः भिक्षुर्हसति ।

७६ । यदि स्वर वा वर्ग का तृतीय चतुर्थ पञ्चम वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह, पर पद में होवे तो अकार के आगे र के स्थान में जो विसर्ग होता है उस विसर्ग के स्थान में र होता है । यथा, पुनः अपि, पुनरपि ; पुनः आगतः, पुनरागतः ; प्रातः इहागतः, प्रा-तरिहागतः ; प्रातः एव, प्रातरेव ; अन्तः धानम्, अन्तर्धानम् ; स्वः गतः, स्वर्गतः ; भ्रातः आगच्छ, भ्रातरागच्छ ; पितः अनुमन्यस्व, पितरनुमन्यस्व ; मातः देहि, मातर्देहि ; यामातः वद, यामातर्वद ; दुहितः याहि, दुहितर्याहि ।

७७ । पर भाग में र होने से विसर्ग के स्थान में जो र होता है उस का लोप होजाता है और पूर्व स्वर दीर्घ होता है । यथा, पितः रक्ष, पितारक्ष ; निः रसः, नीरसः ; निः रोगः, नीरोगः ; विधुः राजते, विधूराजते ; मातुः रोदनम्, मातूरोदनम् ।

७८ । यदि अकार को छोड़ कर कोई स्वर अथवा व्यञ्जन वर्ण पर पद में होवे तो सः और एषः दोनों पद का विसर्ग लोप हो जाता है लोप होने पर सन्धि नहीं होती है । यथा, सः आगतः, सआ-गतः ; सः इच्छति, सइच्छति ; सः ईहते, सईहते ; सः उवाच, स-उवाच ; सः करोति, सकरोति ; सः गच्छति, सगच्छति ; सः चलति,

सचलति ; सः हसति, सहसति ; एषः आयाति, एषआयाति ; एषः एति, ऐषएति ; एषः धावति, एषधावति ; एषः रोदिति, एष-रोदिति ; एषः वदति, एषवदति ; एषः शेते, एषशेते ; एषः हसति, एषहसति ; यदि श्लोक अथवा ऋचा का पाद नाम श्लोक का चौथा हिस्सा उस को पूर्ण करना होय तो सः इसके आगे कोई स्वर वर्ण पर में होय तो सः इस पद के अन्त में स्थित जो विसर्ग उस का लोप हो जाता है और सन्धि भी होती है। यथा सः एष दाशरथी रामः, सैषदाशरथो रामः। सः एष राजा युधिष्ठिरः सैषराजा युधि-ष्ठिरः। इत्यादि ।

७९ । यदि स्वर वा वर्ग का तृतीय चतुर्थ पञ्चम वर्ण अथवा य, र, ल, व, ह, पर पद में होवे तो भोः पद के विसर्ग का लोप होता है। लोप होने पर सन्धि नहीं होती है और इन्हीं के वि-सर्ग को परस्पर य् भी होता है वह य् अगिले स्वर में युक्त होता है। यथा भोः अम्बरीष, भोअम्बरीष ; भोः ईशान, भोईशान ; भोः उमापते, भोउमापते ; भोः गदाधर, भोगदाधर ; भो जन्मेजय, भो-जन्मेजय ; भोः दामोदर, भोदामोदर ; भोः माधव, भोमाधव ; भोः यदुपते, भोयदुपते ; भोयम्बरीष, भोयीशान, भोयुमापते।

णत्व विधान ।

८० । यदि ऋ, ॠ, र, और मूर्द्धन्य ष, ये चारि वर्ण के आगे न होते तो वह मूर्द्धन्य ण हो जाता है। यथा, नृणाम्, तिसृणाम्, चतसृणाम्, नॄणाम्, भ्रातॄणाम्, दातॄणाम्, चतुर्णाम् दोषाणाम् पूर्ण ।

८१ । यदि स्वर वर्ण वा कवर्ग पवर्ग य व ह और अनुस्वार व्यवधान होते तो भी न के स्थान में ण हो जाता है। यथा, कर-णम्, कराणाम्, करिणा, गुरुणा, परेण, अर्केण, मूर्खेण, कृपेण, दीर्घेण, दर्पेण, रेफेण, द्रुमेण, रयेण, गर्व्वेण, ग्रहेण, ब्रंहणम् ।

८२ । इन वर्णों को छोड़ कर दूसरे वर्णों के व्यवधान रहने से दन्त्य न मूर्द्धन्य ण नहीं होता है। यथा, अर्चना, मूर्च्छना, अर्जितम् किरीटेन, षष्ठेन, स्पृडेन, दृढ़ेन, वर्णानाम्, आर्त्तेन, अर्थेन, विमर्देन, अर्द्धेन, विरलेन, स्पर्शेन, रसेन ।

८३ । पद के अन्त में जो दन्त्य न होवे तो वह मूर्द्धन्य ण नहीं

होता है। यथा, नरान्, हरीन्, गुरून्, भ्रातॄन्।

षत्व विधान।

८४। अ आ भिन्न स्वर और क र ल के परे प्रत्यय का जो दन्त्य सकार होता है उसके स्थान में मूर्द्धन्य षकार होता है। यथा, मुनिषु, गुणिषु, नदीषु, सुधीषु, साधुषु, गुरुषु, प्रतिभूषु, वधूषु, भ्रातृषु, स्वसृषु, सर्व्वेषाम्, अन्येषाम्, गोषु, द्योषु, ग्लौषु, नौषु, वाक्षु, दिक्षु, चतुर्षु, गीर्षु, कमलषु।

८५। अनुस्वार और विसर्ग मध्य में रहने से भी दन्त्य स के स्थान में मूर्द्धन्य ष होता है। यथा, हवींषि, धनूंषि, आशीःषु, धनुःषु।

सुवन्त प्रकरण।

प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चतुर्थी, पञ्चमी, षष्ठी, सप्तमी ये सात विभक्ति शब्द के उत्तर रहती हैं। विभक्ति युक्त होने से शब्द को सुवन्त वा पद कहते हैं।

एक एक विभक्ति के तीन तीन बचन होते हैं। एक बचन, द्वि बचन, बहु बचन। शब्द में एक बचन की विभक्ति योग होने से एक वस्तु, द्वि बचन की विभक्ति योग होने से दो वस्तु, और बहु बचन की विभक्ति योग होने से अनेक वस्तु समझे जाते हैं।

विभक्ति की आकृति।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	ः	औ	अः
द्वितीया	अम्	औ	अः
तृतीया	आ	भ्याम्	भिः
चतुर्थी	ए	भ्याम्	भ्यः
पञ्चमी	अः	भ्याम्	भ्यः
षष्ठी	अः	ओः	आम्
सप्तमी	इ	ओः	सु

शब्दों में विभक्ति के योग होने से जैसा रूप होता है वह क्रम से लिखे जाते हैं, सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है; परन्तु एक बचन में

लिखा जायगा। जहां पृथक् न लिखा जावे वहां समझना चाहिये कि कुछ भेद नहीं है और प्रायः जहां सम्बोधन विभक्ति का रूप होता है तहां हे, भोः, है, इन्हीं का पूर्व प्रयोग होता है क्योंकि ये सम्बोधन के द्योतक नामजताने वाले हैं।

अकारान्त राम शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	रामः	रामौ	रामाः
द्वितीया	रामम्	रामौ	रामान्
तृतीया	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
चतुर्थी	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पञ्चमी	रामात् रामाद्	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
षष्ठी	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
सप्तमी	रामे	रामयोः	रामेषु
सम्बोधन	हे राम भो राम, है राम	हे रामौ	हे रामाः

प्रायः समस्त अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द राम शब्द के सदृश होते हैं। इसी प्रकार सब शब्दों में जानना।

आकारान्त शब्द दो प्रकार के हैं एक धातु से बनाया जाता है और दूसरे आपही सिद्ध है; दोनों के रूप यह हैं।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	विश्वपाः	विश्वपौ	विश्वपाः
द्वितीया	विश्वपाम्	विश्वपौ	विश्वपः
तृतीया	विश्वपा	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभिः
चतुर्थी	विश्वपे	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभ्यः
पञ्चमी	विश्वपः	विश्वपाभ्याम्	विश्वपाभ्यः
षष्ठी	विश्वपः	विश्वपोः	विश्वपाम्
सप्तमी	विश्वपि	विश्वपोः	विश्वपासु
सम्बोधन	हे विश्वपाः	हे विश्वपौ	हे विश्वपाः

धातु से जो आकारान्त शब्द तिनहीं का रूप विश्वपा शब्द के

दूसरे आकारान्त शब्द का रूप।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	हाहाः	हाहौ	हाहाः
द्वितीया	हाहाम्	हाहौ	हाहाः
तृतीया	हाहा	हाहाभ्याम्	हाहाभिः
चतुर्थी	हाहै	हाहाभ्याम्	हाहाभ्यः
पञ्चमी	हाहाः	हाहाभ्याम्	हाहाभ्यः
षष्ठी	हाहाः	हाहौः	हाहाम्
सप्तमी	हाहे	हाहौः	हाहासु
सम्बोधन	हे हाहाः	हे हाहौ	हे हाहाः

इकारान्त मुनि शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	मुनिः	मुनी	मुनयः
द्वितीया	मुनिम्	मुनी	मुनीन्
तृतीया	मुनिना	मुनिभ्याम्	मुनिभिः
चतुर्थी	मुनये	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
पञ्चमी	मुनेः	मुनिभ्याम्	मुनिभ्यः
षष्ठी	मुनेः	मुन्योः	मुनीनाम्
सप्तमी	मुनौ	मुन्योः	मुनिषु
सम्बोधन	हे मुने	हे मुनी	हे मुनयः

पति और सखि शब्द भिन्न समस्त इकारान्त पुंलिङ्ग शब्द मुनि शब्द के सदृश।

पति शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	पतिः	पती	पतयः
द्वितीया	पतिम्	पती	पतीन्
तृतीया	पत्या	पतिभ्याम्	पतिभिः
चतुर्थी	पत्ये	पतिभ्याम्	पतिभ्यः
पञ्चमी	पत्युः	पतिभ्याम्	पतिभ्यः
षष्ठी	पत्युः	पत्योः	पतीनाम्

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
सप्तमी	पत्यौ	पत्योः	पतिषु
सम्बोधन	पते		

सखि शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सखा	सखायौ	सखायः
द्वितीया	सखायम्	सखायौ	सखीन्
तृतीया	सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः
चतुर्थी	सख्ये	सखिभ्याम्	सखिभ्यः
पञ्चमी	सख्युः	सखिभ्याम्	सखिभ्यः
षष्ठी	सख्युः	सख्योः	सखीनाम्
सप्तमी	सख्यौ	सख्योः	सखिषु
सम्बोधन	सखे		

ईकारान्त सुधी शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सुधीः	सुधियौ	सुधियः
द्वितीया	सुधियम्	सुधियौ	सुधियः
तृतीया	सुधिया	सुधीभ्याम्	सुधीभिः
चतुर्थी	सुधिये	सुधीभ्याम्	सुधीभ्यः
पञ्चमी	सुधियः	सुधीभ्याम्	सुधीभ्यः
षष्ठी	सुधियः	सुधियोः	सुधियाम्
सप्तमी	सुधियि	सुधियोः	सुधीषु
सम्बोधन	सुधीः		

प्रायः अनेक पुंलिङ्ग दीर्घ ईकारान्त शब्द सुधी शब्द के सदृश हैं।

उकारान्त साधु शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	साधुः	साधू	साधवः
द्वितीया	साधुम्	साधू	साधून्
तृतीया	साधुना	साधुभ्याम्	साधुभिः
चतुर्थी	साधवे	साधुभ्याम्	साधुभ्यः

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
पञ्चमी	साधोः	साधुभ्याम्	साधुभ्यः
षष्ठी	साधोः	साध्वोः	साधूनाम्
सप्तमी	साधौ	साध्वोः	साधुषु
सम्बोधन	साधो		

प्रायः समस्त उकारान्त पुंलिङ्ग शब्द साधु शब्द के सदृश होते हैं।

ऊकारान्त हूहू शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	हूहूः	हूह्वौ	हूह्वः
द्वितीया	हूहूम्	हूह्वौ	हूहून्
तृतीया	हूह्वा	हूहूभ्याम्	हूहूभिः
चतुर्थी	हूह्वे	हूहूभ्याम्	हूहूभ्यः
पञ्चमी	हूह्वः	हूहूभ्याम्	हूहूभ्यः
षष्ठी	हूह्वः	हूह्वोः	हूह्वाम्
सप्तमी	हूह्वि	हूह्वोः	हूहूषु
सम्बोधन	हूहूः		

प्रायः समस्त ऊकारान्त पुंलिङ्ग शब्द हूहू शब्द के तुल्य होते हैं ।

ऋकारान्त दातृ शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	दाता	दातारौ	दातारः
द्वितीया	दातारम्	दातारौ	दातॄन्
तृतीया	दात्रा	दातृभ्याम्	दातृभिः
चतुर्थी	दात्रे	दातृभ्याम्	दातृभ्यः
पञ्चमी	दातुः	दातृभ्याम्	दातृभ्यः
षष्ठी	दातुः	दात्रोः	दातॄणाम्
सप्तमी	दातरि	दात्रोः	दातृषु
सम्बोधन	दातः		

भ्रातृ पितृ जामातृ देवृ नृ आदि सिवाय समस्त ऋकारान्त पुंलिङ्ग शब्द प्रायः दातृ शब्द के सदृश होते हैं ।

भ्रातृ शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	भ्राता	भ्रातरौ	भ्रातरः
द्वितीया	भ्रातरम्	भ्रातरौ	

इसके सिवाय और सकल विभक्ति दातृ शब्द के सदृश होती हैं । पितृ जामातृ देवृ नृ आदि कईएक शब्द भ्रातृ शब्द के सदृश, केवल नृ शब्द को षष्ठी का बहु वचन नॄणाम्, नृणाम् दो रूप होते हैं।

दीर्घ ॠकारान्त पुंलिङ्ग कॄ शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	कॄः	क्रौ	क्रः
द्वितीया	क्रम्	क्रौ	कॄन्
तृतीया	क्रा	कॄभ्याम्	कॄभिः
चतुर्थी	क्रे	कॄभ्याम्	कॄभ्यः
पञ्चमी	क्रः	कॄभ्याम्	कॄभ्यः
षष्ठी	क्रः	क्रोः	क्राम्
सप्तमी	क्रि	क्रोः	कॄषु

प्रायः समस्त और ॠकारान्त तॄ शब्द आदि के रूप ऐसे होते हैं और ऌ आकारान्त शब्दों के रूप इसी के सदृश होते हैं ।

एकारान्त पुंलिङ्ग से शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सेः	सयौ	सयः
द्वितीया	सयम्	सयौ	सयः
तृतीया	सया	सेभ्याम्	सेभिः
चतुर्थी	सये	सेभ्याम्	सेभ्यः
पञ्चमी	सयः	सेभ्याम्	सेभ्यः
षष्ठी	सयः	सयोः	सयाम्
सप्तमी	सयि	सयोः	सेषु
सम्बोधन	सेः		

ऐकारान्त पुंलिङ्ग रै शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	राः	रायौ	रायः
द्वितीया	रायम्	रायौ	रायः
तृतीया	राया	राभ्याम्	राभिः
चतुर्थी	रायै	राभ्याम्	राभ्यः
पञ्चमी	रायः	राभ्याम्	राभ्यः
षष्ठी	रायः	रायोः	रायाम्
सप्तमी	रायि	रायोः	रासु

ओकारान्त गो शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	गौः	गावौ	गावः
द्वितीया	गाम्	गावौ	गाः
तृतीया	गवा	गोभ्याम्	गोभिः
चतुर्थी	गवे	गोभ्याम्	गोभ्यः
पञ्चमी	गोः	गोभ्याम्	गोभ्यः
षष्ठी	गोः	गवोः	गवाम्
सप्तमी	गवि	गवोः	गोषु

ओकारान्त पुंलिङ्ग शब्द सकल इसी प्रकार होते हैं ।

औकारान्त पुंलिङ्ग ग्लौ शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	ग्लौः	ग्लावौ	ग्लावः
द्वितीया	ग्लावम्	ग्लावौ	ग्लावः
तृतीया	ग्लावा	ग्लौभ्याम्	ग्लौभिः
चतुर्थी	ग्लावे	ग्लौभ्याम्	ग्लौभ्यः
पञ्चमी	ग्लावः	ग्लौभ्याम्	ग्लौभ्यः
षष्ठी	ग्लावः	ग्लावोः	ग्लावाम्
सप्तमी	ग्लावि	ग्लावोः	ग्लौषु
सम्बोधन	ग्लौः		

और औकारान्त पुंलिङ्ग शब्द गौ शब्द के तुल्य जानना ।

स्वरान्त स्त्रीलिङ्ग ।

आकारान्त स्त्रीलिङ्ग लता शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	लता	लते	लताः
द्वितीया	लताम्	लते	लताः
तृतीया	लतया	लताभ्याम्	लताभिः
चतुर्थी	लतायै	लताभ्याम्	लताभ्यः
पञ्चमी	लतायाः	लताभ्याम्	लताभ्यः
षष्ठी	लतायाः	लतयोः	लतानाम्
सप्तमी	लतायाम्	लतयोः	लतासु
सम्बोधन	लते		

प्रायः समस्त आकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं।

इकारान्त मति शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	मतिः	मती	मतयः
द्वितीया	मतिम्	मती	मतीः
तृतीया	मत्या	मतिभ्याम्	मतिभिः
चतुर्थी	मत्यै, मतये	मतिभ्याम्	मतिभ्यः
पञ्चमी	मत्याः, मतेः	मतिभ्याम्	मतिभ्यः
षष्ठी	मत्याः, मतेः	मत्योः	मतीनाम्
सप्तमी	मत्याम्, मतौ	मत्योः	मतिषु
सम्बोधन	मते		

समुदाय इकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द इसी प्रकार होते हैं ।

ईकारान्त नदी शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	नदी	नद्यौ	नद्यः
द्वितीया	नदीम्	नद्यौ	नदीः
तृतीया	नद्या	नदीभ्याम्	नदीभिः
चतुर्थी	नद्यै	नदीभ्याम्	नदीभ्यः
पञ्चमी	नद्याः	नदीभ्याम्	नदीभ्यः

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
षष्ठी	नद्याः	नद्योः	नदीनाम्
सप्तमी	नद्याम्	नद्योः	नदीषु
सम्बोधन	नदि		

श्री शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	श्रीः	श्रियौ	श्रियः
द्वितीया	श्रियम्	श्रियौ	श्रियः
तृतीया	श्रिया	श्रीभ्याम्	श्रीभिः
चतुर्थी	श्रियै, श्रिये	श्रीभ्याम्	श्रीभ्यः
पञ्चमी	श्रियाः, श्रियः	श्रीभ्याम्	श्रीभ्यः
षष्ठी	श्रियाः, श्रियः	श्रियोः	श्रीणाम्, श्रियाम्
सप्तमी	श्रियाम्, श्रियि	श्रियोः	श्रीषु

दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द के मध्य में कुछ नदी शब्द के सदृश और कुछ श्री शब्द के सदृश हैं केवल स्त्री शब्द का कुछ विशेष है ।

स्त्री शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रियः
द्वितीया	स्त्रियम्, स्त्रीम्	स्त्रियौ	स्त्रियः, स्त्रीः
तृतीया	स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभिः
चतुर्थी	स्त्रियै	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभ्यः
पञ्चमी	स्त्रियाः	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभ्यः
षष्ठी	स्त्रियाः	स्त्रियोः	स्त्रीणाम्
सप्तमी	स्त्रियाम्	स्त्रियोः	स्त्रीषु
सम्बोधन	स्त्रि		

उकारान्त धेनु शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	धेनुः	धेनू	धेनवः
द्वितीया	धेनुम्	धेनू	धेनूः
तृतीया	धेन्वा	धेनुभ्याम्	धेनुभिः

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
चतुर्थी	धेन्वै, धेनवे	धेनुभ्याम्	धेनुभ्यः
पञ्चमी	धेन्वाः, धेनोः	धेनुभ्याम्	धेनुभ्यः
षष्ठी	धेन्वाः, धेनोः	धेन्वोः	धेनूनाम्
सप्तमी	धेन्वाम् धेनौ	धेन्वोः	धेनुषु
सम्बोधन	धेनो		

सकल ह्रस्व उकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं।

ऊकारान्त वधू शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	वधूः	वध्वौ	वध्वः
द्वितीया	वधूम्	वध्वौ	वधूः
तृतीया	वध्वा	वधूभ्याम्	वधूभिः
चतुर्थी	वध्वै	वधूभ्याम्	वधूभ्यः
पञ्चमी	वध्वाः	वधूभ्याम्	वधूभ्यः
षष्ठी	वध्वाः	वध्वोः	वधूनाम्
सप्तमी	वध्वाम्	वध्वोः	वधूषु
सम्बोधन	वधु		

भ्रू शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	भ्रूः	भ्रुवौ	भ्रुवः
द्वितीया	भ्रुवम्	भ्रुवौ	भ्रुवः
तृतीया	भ्रुवा	भ्रूभ्याम्	भ्रूभिः
चतुर्थी	भ्रुवै, भ्रुवे	भ्रूभ्याम्	भ्रूभ्यः
पञ्चमी	भ्रुवाः, भ्रुवः	भ्रूभ्याम्	भ्रूभ्यः
षष्ठी	भ्रुवाः, भ्रुवः	भ्रुवोः	भ्रूणाम्, भ्रुवाम्
सप्तमी	भ्रुवाम्, भ्रुवि	भ्रुवोः	भ्रूषु

दीर्घ ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द के मध्य में कुछ वधू शब्द के सदृश और कुछ भ्रू शब्द के सदृश हैं।

ऋकारान्त दुहितृ शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	दुहिता	दुहितरौ	दुहितरः
द्वितीया	दुहितरम्	दुहितरौ	दुहितॄः
तृतीया	दुहित्रा	दुहितृभ्याम्	दुहितृभिः
चतुर्थी	दुहित्रे	दुहितृभ्याम्	दुहितृभ्यः
पञ्चमी	दुहितुः	दुहितृभ्याम्	दुहितृभ्यः
षष्ठी	दुहितुः	दुहित्रोः	दुहितॄणाम्
सप्तमी	दुहितरि	दुहित्रोः	दुहितृषु
सम्बोधन	दुहितः		

स्वसृ शब्द के सिवाय समस्त ऋकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द इसी प्रकार के हैं ।

स्वसृ शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	स्वसा	स्वसारौ	स्वसारः
द्वितीया	स्वसारम्	स्वसारौ	स्वसॄः

इनके सिवाय समस्त रूप दुहितृ शब्द के सदृश होते हैं ।

ओकारान्त स्त्रीलिङ्ग द्यो शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	द्यौः	द्यावौ	द्यावः
द्वितीया	द्याम्	द्यावौ	द्याः
तृतीया	द्यावा	द्योभ्याम्	द्योभिः
चतुर्थी	द्यवे	द्योभ्याम्	द्योभ्यः
पञ्चमी	द्योः	द्योभ्याम्	द्योभ्यः
षष्ठी	द्योः	द्यवोः	द्यवाम्
सप्तमी	द्यवि	द्यवोः	द्योसु
सम्बोधन	द्यौः		

और ओकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्द द्यो शब्द के सदृश हैं ।

औकारान्त नौ शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	नौः	नावौ	नावः
द्वितीया	नावम्	नावौ	नावः
तृतीया	नावा	नौभ्याम्	नौभिः
चतुर्थी	नावे	नौभ्याम्	नौभ्यः
पञ्चमी	नावः	नौभ्याम्	नौभ्यः
षष्ठी	नावः	नावोः	नावाम्
सप्तमी	नावि	नावोः	नौषु
सम्बोधन	नौः		

और औकारान्त स्त्रीलिङ्ग शब्दों के रूप नौ शब्द के सदृश होते हैं।

स्वरान्त नपुंसकलिङ्ग ।

अकारान्त नपुंसकलिङ्ग फल शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	फलम्	फले	फलानि
द्वितीया	फलम्	फले	फलानि

और विभक्ति का रूप पुंलिङ्ग अकारान्त शब्द के सदृश होते हैं समस्त अकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

इकारान्त वारि शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	वारि	वारिणी	वारीणि
द्वितीया	वारि	वारिणी	वारीणि
तृतीया	वारिणा	वारिभ्याम्	वारिभिः
चतुर्थी	वारिणे	वारिभ्याम्	वारिभ्यः
पञ्चमी	वारिणः	वारिभ्याम्	वारिभ्यः
षष्ठी	वारिणः	वारिणोः	वारिणाम्
सप्तमी	वारिणि	वारिणोः	वारिषु
सम्बोधन	वारे, वारि		

दधि आदि कई एक शब्द भिन्न समस्त ह्रस्व इकारान्त नपुंसक लिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं।

दधि शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	दधि	दधिनी	दधीनि
द्वितीया	दधि	दधिनी	दधीनि
तृतीया	दध्ना	दधिभ्याम्	दधिभिः
चतुर्थी	दध्ने	दधिभ्याम्	दधिभ्यः
पञ्चमी	दध्नः	दधिभ्याम्	दधिभ्यः
षष्ठी	दध्नः	दध्नोः	दध्नाम्
सप्तमी	दधनि, दध्नि	दध्नोः	दधिषु

अक्षि, अस्थि, और सक्थि शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

उकारान्त मधु शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	मधु	मधुनी	मधूनि
द्वितीया	मधु	मधुनी	मधूनि
तृतीया	मधुना	मधुभ्याम्	मधुभिः
चतुर्थी	मधुने	मधुभ्याम्	मधुभ्यः
पञ्चमी	मधुनः	मधुभ्याम्	मधुभ्यः
षष्ठी	मधुनः	मधुनोः	मधूनाम्
सप्तमी	मधुनि	मधुनोः	मधुषु
सम्बोधन	मधो, मधु		

बहुधा ह्रस्व उकारान्त नपुंसकलिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

व्यञ्जनान्त शब्द—पुंलिङ्ग ।

हकारान्त पुंलिङ्ग अनडुह् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	अनड्वान्	अनड्वाहौ	अनड्वाहः
द्वितीया	अनड्वाहम्	अनड्वाहौ	अनडुहः
तृतीया	अनडुहा	अनडुद्भ्याम्	अनडुद्भिः
चतुर्थी	अनडुहे	अनडुद्भ्याम्	अनडुद्भ्यः
पञ्चमी	अनडुहः	अनडुद्भ्याम्	अनडुद्भ्यः
षष्ठी	अनडुहः	अनडुहोः	अनडुहाम्

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
सप्तमी	अनडुहि	अनडुहोः	अनडुत्सु
सम्बोधन	अनड्वन्		

वकारान्त पुंलिङ्ग तृच्व् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	तृच्व्	तृच्वौ	तृच्वः
द्वितीया	तृच्वम्	तृच्वौ	तृच्वः
तृतीया	तृच्वा	तृच्व्भ्याम्	तृच्व्भिः
चतुर्थी	तृच्वे	तृच्व्भ्याम्	तृच्व्भ्यः
पञ्चमी	तृच्वः	तृच्व्भ्याम्	तृच्व्भ्यः
षष्ठी	तृच्वः	तृच्वोः	तृच्वाम्
सप्तमी	तृच्वि	तृच्वोः	तृच्व्सु
सम्बोधन	तृच्व्		

रेफान्त चतुर शब्द बहु बचनान्त ।

	बहु बचन		बहु बचन
प्रथमा	चत्वारः	द्वितीया	चतुरः
तृतीया	चतुर्भिः	चतुर्थी	चतुर्भ्यः
पञ्चमी	चतुर्भ्यः	षष्ठी	चतुर्णाम्
सप्तमी	चतुर्षु		

जकारान्त सम्राज् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	सम्राट्, सम्राड्	सम्राजौ	सम्राजः
द्वितीया	सम्राजम्	सम्राजौ	सम्राजः
तृतीया	सम्राजा	सम्राड्भ्याम्	सम्राड्भिः
चतुर्थी	सम्राजे	सम्राड्भ्याम्	सम्राड्भ्यः
पञ्चमी	सम्राजः	सम्राड्भ्याम्	सम्राड्भ्यः
षष्ठी	सम्राजः	सम्राजोः	सम्राजाम्
सप्तमी	सम्राजि	सम्राजोः	सम्राट्सु

प्रायः समस्त जकारान्त शब्द सम्राज् शब्द के सदृश होते हैं ।

तकारान्त भूभृत् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	भूभृत्	भूभृतौ	भूभृतः
द्वितीया	भूभृतम्	भूभृतौ	भूभृतः
तृतीया	भूभृता	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भिः
चतुर्थी	भूभृते	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भ्यः
पञ्चमी	भूभृतः	भूभृद्भ्याम्	भूभृद्भ्यः
षष्ठी	भूभृतः	भूभृतोः	भूभृताम्
सप्तमी	भूभृति	भूभृतोः	भूभृत्सु

श्रीमत् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	श्रीमान्	श्रीमन्तौ	श्रीमन्तः
द्वितीया	श्रीमन्तम्	श्रीमन्तौ	श्रीमतः
तृतीया	श्रीमता	श्रीमद्भ्याम्	श्रीमद्भिः
चतुर्थी	श्रीमते	श्रीमद्भ्याम्	श्रीमद्भ्यः
पञ्चमी	श्रीमतः	श्रीमद्भ्याम्	श्रीमद्भ्यः
षष्ठी	श्रीमतः	श्रीमतोः	श्रीमताम्
सप्तमी	श्रीमति	श्रीमतोः	श्रीमत्सु
सम्बोधन	श्रीमन्		

गायत् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	गायन्	गायन्तौ	गायन्तः
द्वितीया	गायन्तम्	गायन्तौ	गायतः
तृतीया	गायता	गायद्भ्याम्	गायद्भिः
चतुर्थी	गायते	गायद्भ्याम्	गायद्भ्यः
पञ्चमी	गायतः	गायद्भ्याम्	गायद्भ्यः
षष्ठी	गायतः	गायतोः	गायताम्
सप्तमी	गायति	गायतोः	गायत्सु

मकारान्त पुंलिङ्ग प्रशाम् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	प्रशान्	प्रशामौ	प्रशामः
द्वितीया	प्रशामम्	प्रशामौ	प्रशामः
तृतीया	प्रशामा	प्रशान्भ्याम्	प्रशान्भिः
चतुर्थी	प्रशामे	प्रशान्भ्याम्	प्रशान्भ्यः
पञ्चमी	प्रशामः	प्रशान्भ्याम्	प्रशान्भ्यः
षष्ठी	प्रशामः	प्रशामोः	प्रशामाम्
सप्तमी	प्रशामि	प्रशामोः	प्रशान्सु

और भी मकारान्त पुंलिङ्ग शब्दों के रूप प्रशाम् शब्द के सदृश होते हैं।

धकारान्त पुंलिङ्ग बुध् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	भुत् भुद्	बधौ	बुधः
द्वितीया	बुधम्	बुधौ	बुधः
तृतीया	बुधा	भुद्भ्याम्	भुद्भिः
चतुर्थी	बुधे	भुद्भ्याम्	भुद्भ्यः
पञ्चमी	बुधः	भुद्भ्याम्	भुद्भ्यः
षष्ठी	बुधः	बुधोः	बुधाम्
सप्तमी	बुधि	बुधोः	भुत्सु

प्रायः समस्त धकारान्त पुंलिङ्ग शब्द बुध् के सदृश होते हैं।

थकारान्त पुंलिङ्ग अग्निमथ् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	अग्निमत् अग्निमद्	अग्निमथौ	अग्निमथः
द्वितीया	अग्निमथम्	अग्निमथौ	अग्निमथः
तृतीया	अग्निमथा	अग्निमद्भ्याम्	अग्निमद्भिः
चतुर्थी	अग्निमथे	अग्निमद्भ्याम्	अग्निमद्भ्यः
पञ्चमी	अग्निमथः	अग्निमद्भ्याम्	अग्निमद्भ्यः
षष्ठी	अग्निमथः	अग्निमथोः	अग्निमथाम्
सप्तमी	अग्निमथि	अग्निमथोः	अग्निमत्सु

प्रायः समस्त थकारान्त पुंलिङ्ग शब्द अग्निमथ् शब्द के सदृश होते हैं। चकारान्त पुंलिङ्ग प्राच् शब्द, तिसका दो अर्थ गति और पूजा तिस में गति अर्थ से जो प्राच् शब्द तिसके रूप ये हैं।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	प्राङ्	प्राञ्चौ	प्राञ्चः
द्वितीया	प्राञ्चम्	प्राञ्चौ	प्राचः
तृतीया	प्राचा	प्राग्भ्याम्	प्राग्भिः
चतुर्थी	प्राचे	प्राग्भ्याम्	प्राग्भ्यः
पञ्चमी	प्राचः	प्रागभ्याम्	प्राग्भ्यः
षष्ठी	प्राचः	प्राचोः	प्राचाम्
सप्तमी	प्राचि	प्राचोः	प्राक्षु

और पूजा अर्थ में प्रथमा और द्वितीया के द्वि बचन तक इसी प्रकार के, बहु बचन से और प्रकार के होते हैं।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
द्वितीया			प्रांचः
तृतीया	प्रांचा	प्राङ्भ्याम्	प्राङ्भिः
चतुर्थी	प्रांचे	प्राङ्भ्याम्	प्राङ्भ्यः
पञ्चमी	प्रांचः	प्राङ्भ्याम्	प्राङ्भ्यः
षष्ठी	प्रांचः	प्रांचोः	प्रांचाम्
सप्तमी	प्रांचि	प्रांचोः	प्राङ्चु, प्राङ्क्षु, प्राङ्षु

और अवाच् आवाच् पराच् अप्राच् आदि जिसके पूर्व पद के अन्त में अकार हो उत्तर अच् हो तिसका रूप प्राच् शब्द गति अर्थ पूजार्थ के सदृश होते हैं और यदि पूर्व में व्यञ्जनान्त पद है और उत्तर में अच शब्द है जैसा उद् अच् उदच्, प्रति अच् प्रत्यच्, दधि अच् दध्यच, वारि अच् वार्य्यच्, इन्हीं के गति और पूजा अर्थ में जुदे २ रूप होते हैं परन्तु पांच बचन एक से होते हैं।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु बचन
प्रथमा	उदङ्	उदञ्चौ	उदञ्चः
द्वितीया	उदञ्चम्	उदञ्चौ	उदीचः
तृतीया	उदीचा	उदग्भ्याम्	उदग्भिः

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
चतुर्थी	उदीचे	उदग्भ्याम्	उदग्भ्यः
पञ्चमी	उदीचः	उदग्भ्याम्	उदग्भ्यः
षष्ठी	उदीचः	उदीचोः	उदीचाम्
सप्तमी	उदीचि	उदीचोः	उदक्षु

पूजा अर्थ में पांच बचन में पहिले से ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
द्वितीया			उदञ्चः
तृतीया	उदंचा	उदङ्भ्याम्	उदङ्भिः
चतुर्थी	उदंचे	उदङ्भ्याम्	उदङ्भ्यः
पञ्चमी	उदंचः	उदङ्भ्याम्	उदङ्भ्यः
षष्ठी	उदंचः	उदंचोः	उदंचाम्
सप्तमी	उदंचि	उदंचोः	उदङ्क्षु, उदङ्क्ष्षु, उदङ्षु

तकारान्त शब्द के मध्य में कुछ भूभृत् शब्दके सदृश कुछ श्रीमत् शब्द के सदृश और कुछ गायत् शब्द के सदृश हैं । भवत् शब्द गायत् शब्द के सदृश होता है ; परन्तु जब तुम अर्थ में प्रयोग होता है तो श्रीमत् शब्द के सदृश होता है, महत् शब्द गायत् शब्द के सदृश केवल प्रथमा और द्वितीया में विशेष रूप होते हैं ।

महत् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	महान्	महान्तौ	महान्तः
द्वितीया	महान्तम्	महान्तौ	
सम्बोधन	महन्		

नकारान्त लघिमन् शब्द ।

	एक बचन	द्वि बचन	बहु बचन
प्रथमा	लघिमा	लघिमानौ	लघिमानः
द्वितीया	लघिमानम्	लघिमानौ	लघिम्नः
तृतीया	लघिम्ना	लघिमभ्याम्	लघिमभिः
चतुर्थी	लघिम्ने	लघिमभ्याम्	लघिमभ्यः

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
पञ्चमी	लघिम्नः	लघिमभ्याम्	लघिमभ्यः
षष्ठी	लघिम्नः	लघिम्नोः	लघिम्नाम्
सप्तमी	लघिम्नि	लघिम्नोः	लघिमसु
सम्बोधन	लघिमन्		

यज्वन्, युवन्, आदि कई एक शब्द के सिवाय समस्त नकारान्त शब्द लघिमन् शब्द के सदृश होते हैं।

यज्वन् शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	यज्वा	यज्वानौ	यज्वानः
द्वितीया	यज्वानम्	यज्वानौ	यज्वनः
तृतीया	यज्वना	यज्वभ्याम्	यज्वभिः
चतुर्थी	यज्वने	यज्वभ्याम्	यज्वभ्यः
पञ्चमी	यज्वनः	यज्वभ्याम्	यज्वभ्यः
षष्ठी	यज्वनः	यज्वनोः	यज्वनाम्
सप्तमी	यज्वनि	यज्वनोः	यज्वसु, यज्वनासु
सम्बोधन	यज्वन्		

जितने नकारान्त शब्द के नकार के पूर्व में म और व संयुक्त वर्ण रहे तो प्रायः यज्वन् शब्द के सदृश होते हैं।

युवन् शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	युवा	युवानौ	युवानः
द्वितीया	युवानम्	युवानौ	यूनः
तृतीया	यूना	युवभ्याम्	युवभिः
चतुर्थी	यूने	युवभ्याम्	युवभ्यः
पञ्चमी	यूनः	युवभ्याम्	युवभ्यः
षष्ठी	यूनः	यूनोः	यूनाम्
सप्तमी	यूनि	यूनोः	युवसु
सम्बोधन	युवन्		

राजन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	राजा	राजानौ	राजानः
द्वितीया	राजानम्	राजानौ	राज्ञः
तृतीया	राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः
चतुर्थी	राज्ञे	राजभ्याम्	राजभ्यः
पञ्चमी	राज्ञः	राजभ्याम्	राजभ्यः
षष्ठी	राज्ञः	राज्ञोः	राज्ञाम्
सप्तमी	राज्ञि, राजनि	राज्ञोः	राजसु
सम्बोधन	राजन्		

गुणिन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	गुणी	गुणिनौ	गुणिनः
द्वितीया	गुणिनम्	गुणिनौ	गुणिनः
तृतीया	गुणिना	गुणिभ्याम्	गुणिभिः
चतुर्थी	गुणिने	गुणिभ्याम्	गुणिभ्यः
पञ्चमी	गुणिनः	गुणिभ्याम्	गुणिभ्यः
षष्ठी	गुणिनः	गुणिनोः	गुणिनाम्
सप्तमी	गुणिनि	गुणिनोः	गुणिषु
सम्बोधन	गुणिन्		

पथिन् आदि कई एक भिन्न समस्त इन् प्रत्ययान्त शब्द गुणिन् शब्द के सदृश होते हैं ।

पथिन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	पन्थाः	पन्थानौ	पन्थानः
द्वितीया	पन्थानम्	पन्थानौ	पथः
तृतीया	पथा	पथिभ्याम्	पथिभिः
चतुर्थी	पथे	पथिभ्याम्	पथिभ्यः
पञ्चमी	पथः	पथिभ्याम्	पथिभ्यः
षष्ठी	पथः	पथोः	पथाम्

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
सप्तमी	पथि	पथोः	पथिषु

सकारान्त वेधस् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	वेधाः	वेधसौ	वेधसः
द्वितीया	वेधसम्	वेधसौ	वेधसः
तृतीया	वेधसा	वेधोभ्याम्	वेधोभिः
चतुर्थी	वेधसे	वेधोभ्याम्	वेधोभ्यः
पञ्चमी	वेधसः	वेधोभ्याम्	वेधोभ्यः
षष्ठी	वेधसः	वेधसोः	वेधसाम्
सप्तमी	वेधसि	वेधसोः	वेधःसु
सम्बोधन	वेधः		

विद्वस्, लघीयस् पुमस्, आदि कई एक शब्द भिन्न समस्त हल्य सकारान्त शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

विद्वस् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः
द्वितीया	विद्वांसम्	विद्वांसौ	विदुषः
तृतीया	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः
चतुर्थी	विदुषे	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भ्यः
पञ्चमी	विदुषः	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भ्यः
षष्ठी	विदुषः	विदुषोः	विदुषाम्
सप्तमी	विदुषि	विदुषोः	विद्वत्सु
सम्बोधन	विद्वन्		

समस्त वस् प्रत्ययान्त शब्द विद्वस् शब्द के सदृश होते हैं ।

लघीयस् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	लघीयान्	लघीयांसौ	लघीयांसः
द्वितीया	लघीयांसम्	लघीयांसौ	लघीयसः
तृतीया	लघीयसा	लघीयोभ्याम	लघीयोभिः

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
चतुर्थी	लघीयसे	लघीयोभ्याम्	लघीयोभ्यः
पञ्चमी	लघीयसः	लघीयोभ्याम्	लघीयोभ्यः
षष्ठी	लघीयसः	लघीयसोः	लघीयसाम्
सप्तमी	लघीयसि	लघीयसोः	लघीयःसु
सम्बोधन	लघीयन्		

समस्त ईयस् प्रत्ययान्त शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

पुमस शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	पुमान्	पुमांसौ	पुमांसः
द्वितीया	पुमांसम्	पुमांसौ	पुंसः
तृतीया	पुंसा	पुंभ्याम्	पुंभिः
चतुर्थी	पुंसे	पुंभ्याम्	पुंभ्यः
पञ्चमी	पुंसः	पुंभ्याम्	पुंभ्यः
षष्ठी	पुंसः	पुंसोः	पुंसाम्
सप्तमी	पुंसि	पुंसोः	पुंसु
सम्बोधन	पुमन्		

स्त्रीलिङ्ग ।

चकारान्त वाच् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	वाक्	वाचौ	वाचः
द्वितीया	वाचम्	वाचौ	वाचः
तृतीया	वाचा	वाग्भ्याम्	वाग्भिः
चतुर्थी	वाचे	वाग्भ्याम्	वाग्भ्यः
पञ्चमी	वाचः	वाग्भ्याम्	वाग्भ्यः
षष्ठी	वाचः	वाचोः	वाचाम्
सप्तमी	वाचि	वाचोः	वाक्षु

यद्यपि दूसरे शब्द के साथ योग करने से वाच शब्द स्त्रीलिङ्ग हो जाता है तथापि उसका रूप इस प्रकारही से होता है।

जकारान्त स्रज् शब्द, मालावाचक।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	स्रक, स्रग्	स्रजौ	स्रजः
द्वितीया	स्रजम्	स्रजौ	स्रजः
तृतीया	स्रजा	स्रग्भ्याम्	स्रगभिः
चतुर्थी	स्रजे	स्रग्भ्याम्	स्रगभ्यः
पञ्चमी	स्रजः	स्रगभ्याम्	स्रगभ्यः
षष्ठी	स्रजः	स्रजोः	स्रजाम्
सप्तमी	स्रजि	स्रजोः	स्रक्षु

यद्यपि दूसरे शब्द के साथ योग करने से स्रज् शब्द स्त्रीलिङ्ग हो जाता है तथापि स्रज् शब्द इसी प्रकारही से होता है।

लिष् शब्द षकारान्त दीप्तिवाचक।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	लिट्, लिड्	लिषौ	लिषः
द्वितीया	लिषम्	लिषौ	लिषः
तृतीया	लिषा	लिड्भ्याम्	लिड्भिः
चतुर्थी	लिषे	लिड्भ्याम्	लिड्भ्यः
पञ्चमी	लिषः	लिड्भ्याम्	लिड्भ्यः
षष्ठी	लिषः	लिषोः	लिषाम्
सप्तमी	लिषि	लिषोः	लिट्सु, लिट्त्सु

रेफान्त गिर् शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	गीः	गिरौ	गिरः
द्वितीया	गिरम्	गिरौ	गिरः
तृतीया	गिरा	गीर्भ्याम्	गीर्भिः
चतुर्थी	गिरे	गीर्भ्याम्	गीर्भ्यः
पञ्चमी	गिरः	गीर्भ्याम्	गीर्भ्यः
षष्ठी	गिरः	गिरोः	गिराम्
सप्तमी	गिरि	गिरोः	गीर्षु

इसी प्रकार पर आदि रेफान्त शब्दों के भी रूप होते हैं।

दकारान्त आपद् शब्द दुःख वाचक ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	आपत्, आपद्	आपदौ	आपदः
द्वितीया	आपदम्	आपदौ	आपदः
तृतीया	आपदा	आपद्भ्याम्	आपद्भिः
चतुर्थी	आपदे	आपद्भ्याम्	आपद्भ्यः
पञ्चमी	आपदः	आपद्भ्याम्	आपद्भ्यः
षष्ठी	आपदः	आपदोः	आपदाम्
सप्तमी	आपदि	आपदोः	आपत्सु

दूसरे २ शब्द के साथ योग करने से आपद् शब्द स्त्रीलिङ्ग हो जाता है ; तब भी इसी प्रकार का रूप रहता है ; समस्त पुंलिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग दकारान्त शब्द आपद् शब्द के सदृश होते हैं ।

पकारान्त अप् शब्द जल वाचक ।

अप् शब्द केवल बहु बचन में प्रयोग होता है ।

	बहु वचन		बहु वचन
प्रथमा	आपः	द्वितीया	अपः
तृतीया	अद्भिः	चतुर्थी	अद्भ्यः
पञ्चमी	अद्भ्यः	षष्ठी	अपाम्
सप्तमी	अप्सु		

शकारान्त दिश् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	दिक्, दिग्	दिशौ	दिशः
द्वितीया	दिशम्	दिशौ	दिशः
तृतीया	दिशा	दिग्भ्याम्	दिग्भिः
चतुर्थी	दिशे	दिग्भ्याम्	दिग्भ्यः
पञ्चमी	दिशः	दिग्भ्याम्	दिग्भ्यः
षष्ठी	दिशः	दिशोः	दिशाम्
सप्तमी	दिशि	दिशोः	दिक्षु

नपुंसक लिङ्ग ।

तकारान्त श्रीमत् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	श्रीमत्	श्रीमती	श्रीमन्ति
द्वितीया	श्रीमत्	श्रीमती	श्रीमन्ति

और विभक्ति में पुंलिङ्ग के सदृश होता है ; प्रायः समस्त तकारान्त नपुंसक लिङ्ग शब्द श्रीमत् शब्द के सदृश होते हैं ।

महत् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	महत्	महती	महान्ति
द्वितीया	महत्	महती	महान्ति

और विभक्ति में पुंलिङ्ग शब्द के सदृश होता है ।

जगत् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	जगत, जगद्	जगती	जगन्ति
द्वितीया	जगत्	जगती	जगन्ति

और विभक्ति में महत् शब्द के तुल्य होता है ।

नकारान्त धामन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	धाम	धामनी, धाम्नी	धामानि
द्वितीया	धाम	धामनी, धाम्नी	धामानि

और विभक्ति में पुंलिङ्ग लघिमन् शब्द के सदृश होता है ; प्रायः समुदाय नकारान्त शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

कर्म्मन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	कर्म्म	कर्म्मणी	कर्म्माणि
द्वितीया	कर्म्म	कर्म्मणी	कर्म्माणि

और सब विभक्ति में पुंलिङ्ग यज्वन् शब्द के सदृश होते हैं ; और वर्म्मन् शब्द का रूप इसी प्रकार का होता है ।

चर्म्मन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	चर्म्म	चर्म्मणी	चर्म्माणि
द्वितीया	चर्म्म	चर्म्मणी	चर्म्माणि

और सब विभक्ति में कर्म्मन् शब्द के तुल्य होते हैं ।

अहन् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	अहः	अहनी, अह्नी	अहानि
द्वितीया	अहः	अहनी, अह्नी	अहानि
तृतीया	अह्ना	अहोभ्याम्	अहोभिः
चतुर्थी	अह्ने	अहोभ्याम्	अहोभ्यः
पञ्चमी	अह्नः	अहोभ्याम्	अहोभ्यः
षष्ठी	अह्नः	अह्नोः	अह्नाम्
सप्तमी	अह्नि, अहनि	अह्नोः	अहःसु

सकारान्त पयस् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	पयः	पयसी	पयांसि
द्वितीया	पयः	पयसी	पयांसि

और सब विभक्ति में वेधस् शब्द के सदृश होता है, मनस् चेतस् आदि बहुधा सकारान्त नपुंसक लिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं ।

हविस् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	हविः	हविषी	हवींषि
द्वितीया	हविः	हविषी	हवींषि
तृतीया	हविषा	हविर्भ्याम्	हविर्भिः
चतुर्थी	हविषे	हविर्भ्याम्	हविर्भ्यः
पञ्चमी	हविषः	हविर्भ्याम्	हविर्भ्यः
षष्ठी	हविषः	हविषोः	हविषाम्
सप्तमी	हविषि	हविषोः	हविःषु

सर्पिस् आदि बहुधा इस् प्रत्ययान्त नपुंसक लिङ्ग शब्द इसी

प्रकार होते हैं।

धनुस् शब्द।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	धनुः	धनुषी	धनूंषि
द्वितीया	धनुः	धनुषी	धनूंषि
तृतीया	धनुषा	धनुर्भ्याम्	धनुर्भिः
चतुर्थी	धनुषे	धनुर्भ्याम्	धनुर्भ्यः
पञ्चमी	धनुषः	धनुर्भ्याम्	धनुर्भ्यः
षष्ठी	धनुषः	धनुषोः	धनुषाम्
सप्तमी	धनुषि	धनुषोः	धनुःषु

चक्षुष् और दूसरे उस् प्रत्ययान्त नपुंसक लिङ्ग शब्द इसी प्रकार के होते हैं।

सर्वनाम।

सर्व शब्द पुंलिङ्ग।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सर्वः	सर्वौ	सर्वे
द्वितीया	सर्वम्	सर्वौ	सर्वान्
तृतीया	सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः
चतुर्थी	सर्वस्मै	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
पञ्चमी	सर्वस्माद्, सर्वस्मात्	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्यः
षष्ठी	सर्वस्य	सर्वयोः	सर्वेषाम्
सप्तमी	सर्वस्मिन्	सर्वयोः	सर्वेषु
सम्बोधन	सर्व		

नपुंसक लिङ्ग।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि
द्वितीया	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि

और समस्त विभक्ति में पुंलिङ्ग के सदृश होता है।

स्त्रीलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सर्वा	सर्वे	सर्वाः
द्वितीया	सर्वाम्	सर्वे	सर्वाः
तृतीया	सर्वया	सर्वाभ्याम्	सर्वाभिः
चतुर्थी	सर्वस्यै	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
पञ्चमी	सर्वस्याः	सर्वाभ्याम्	सर्वाभ्यः
षष्ठी	सर्वस्याः	सर्वयोः	सर्वासाम्
सप्तमी	सर्वस्याम्	सर्वयोः	सर्वासु

अन्य शब्द सर्व शब्द के सदृश है ; केवल नपुंसक लिङ्ग के प्रथमा और द्वितीया के एक वचन में अन्यत् यह पद होता है ।

पूर्व शब्द पुंलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	पूर्वः	पूर्वौ	पूर्वे, पूर्वाः
द्वितीया	पूर्वम्	पूर्वौ	पूर्वान्
तृतीया	पूर्वेण	पूर्वाभ्याम्	पूर्वैः
चतुर्थी	पूर्वस्मै	पूर्वाभ्याम्	पूर्वेभ्यः
पञ्चमी	पूर्वस्मात्, पूर्वात्	पूर्वाभ्याम्	पूर्वेभ्यः
षष्ठी	पूर्वस्य	पूर्वयोः	पूर्वेषाम्
सप्तमी	पूर्वस्मिन्, पूर्वे	पूर्वयोः	पूर्वेषु
सम्बोधन	पूर्व		

नपुंसक लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	पूर्वम्	पूर्वे	पूर्वाणि
द्वितीया	पूर्वम्	पूर्वे	पूर्वाणि

और विभक्ति में पुंलिङ्ग के सदृश होता है ; स्त्री लिङ्ग में सर्व शब्द के सदृश होता है ; कुछ भेद नहीं । पर, अपर, दक्षिण, आदि कइ एक शब्द पूर्व शब्द के सदृश होते हैं ।

अस्मद् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	अहम्	आवाम्	वयम्
द्वितीया	माम्, मा	आवाम्, नौ	अस्मान्, नः
तृतीया	मया	आवाभ्याम्	अस्माभिः
चतुर्थी	मह्यं, मे	आवाभ्याम्, नौ	अस्मभ्यम् नः
पञ्चमी	मत्	आवाभ्याम्	अस्मत्
षष्ठी	मम, मे	आवयोः, नौ	अस्माकम्
सप्तमी	मयि	आवयोः	अस्मासु

यह शब्द तीनों लिङ्ग में समान है कुछ भेद नहीं ।

युष्मद् शब्द ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	त्वम्	युवाम्	यूयम्
द्वितीया	त्वाम्, त्वा	युवाम्, वाम्	युष्मान्, वः
तृतीया	त्वया	युवाभ्याम्	युष्माभिः
चतुर्थी	तुभ्यम्, ते	युवाभ्याम्, वाम्	युष्मभ्यम्, वः
पञ्चमी	त्वत्	युवाभ्याम्	युष्मत्
षष्ठी	तव, ते	युवयोः, वाम्	युष्माकम्, वः
सप्तमी	त्वयि	युवयोः	युष्मासु

यह शब्द भी तीनों लिङ्ग में समान है कुछ भेद नहीं ।

इदम् शब्द पुंलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	अयम्	इमौ	इमे
द्वितीया	इमम्	इमौ	इमान्
तृतीया	अनेन	आभ्याम्	एभिः
चतुर्थी	अस्मै	आभ्याम्	एभ्यः
पञ्चमी	अस्मात्	आभ्याम्	एभ्यः
षष्ठी	अस्य	अनयोः	एषाम्
सप्तमी	अस्मिन्	अनयोः	एषु

नपुंसक लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	इदम्	इमे	इमानि
द्वितीया	इदम्	इमे	इमानि

और सब विभक्ति में पुंलिङ्ग के समान रूप होता है ।

स्त्री लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	इयम्	इमे	इमाः
द्वितीया	इमाम्	इमे	इमाः
तृतीया	अनया	आभ्याम्	आभिः
चतुर्थी	अस्यै	आभ्याम्	आभ्यः
पञ्चमी	अस्याः	आभ्याम्	आभ्यः
षष्ठी	अस्याः	अनयोः	आसाम्
सप्तमी	अस्याम्	अनयोः	आसु

किम् शब्द पुंलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	कः	कौ	के
द्वितीया	कम्	कौ	कान्
तृतीया	केन	काभ्याम्	कैः
चतुर्थी	कस्मै	काभ्याम्	केभ्यः
पञ्चमी	कस्मात्	काभ्याम्	केभ्यः
षष्ठी	कस्य	कयोः	केषाम्
सप्तमी	कस्मिन्	कयोः	केषु

नपुंसक लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	किम्	के	कानि
द्वितीया	किम्	के	कानि

और सब विभक्ति में पुंलिङ्ग के समान रूप होता है ।

स्त्री लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	का	के	काः
द्वितीया	काम्	के	काः
तृतीया	कया	काभ्याम्	काभिः
चतुर्थी	कस्यै	काभ्याम्	काभ्यः
पञ्चमी	कस्याः	काभ्याम्	काभ्यः
षष्ठी	कस्याः	कयोः	कासाम्
सप्तमी	कस्याम्	कयोः	कासु

यद् शब्द पुंलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	यः	यौ	ये
द्वितीया	यम्	यौ	यान्
तृतीया	येन	याभ्याम्	यैः
चतुर्थी	यस्मै	याभ्याम्	येभ्यः
पञ्चमी	यस्मात्	याभ्याम्	येभ्यः
षष्ठी	यस्य	ययोः	येषाम्
सप्तमी	यस्मिन्	ययोः	येषु

नपुंसक लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	यत्	ये	यानि
द्वितीया	यत्	ये	यानि

और सब विभक्ति में पुंलिङ्ग के समान होता है ।

स्त्री लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	या	ये	याः
द्वितीया	याम्	ये	याः
तृतीया	यया	याभ्याम्	याभिः
चतुर्थी	यस्यै	याभ्याम्	याभ्यः
पञ्चमी	यस्याः	याभ्याम्	याभ्यः

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
षष्ठी	यस्याः	ययोः	यासाम्
सप्तमी	यस्याम्	ययोः	यासु

तद् शब्द पुंलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सः	तौ	ते
द्वितीया	तम्	तौ	तान्
तृतीया	तेन	ताभ्याम्	तैः
चतुर्थी	तस्मै	ताभ्याम्	तेभ्यः
पञ्चमी	तस्मात्	ताभ्याम्	तेभ्यः
षष्ठी	तस्य	तयोः	तेषाम्
सप्तमी	तस्मिन्	तयोः	तेषु

नपुंसक लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	तत्	ते	तानि
द्वितीया	तत	ते	तानि

और विभक्ति मे पुंलिङ्ग के समान रूप होता है ।

स्त्री लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	सा	ते	ताः
द्वितीया	ताम्	ते	ताः
तृतीया	तया	ताभ्याम्	ताभिः
चतुर्थी	तस्यै	ताभ्याम्	ताभ्यः
पञ्चमी	तस्याः	ताभ्याम्	ताभ्यः
षष्ठी	तस्याः	तयोः	तासाम्
सप्तमी	तस्याम्	तयोः	तासु

एतद् शब्द ।

यह शब्द भी तद शब्द के सदृश केवल एकार मात्र अधिक और पुंलिङ्ग स्त्रीलिङ्ग में प्रथमा के एक वचन में मूर्द्धन्य ष होता है; यथा, एषः एषाः ।

अदस् शब्द पुंलिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	असौ	अमू	अमी
द्वितीया	असुम्	अमू	अमून्
तृतीया	असुना	अमूभ्याम्	अमीभिः
चतुर्थी	असुष्मै	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
पञ्चमी	असुष्मात्	अमूभ्याम्	अमीभ्यः
षष्ठी	असुष्य	असुयोः	अमूषाम्
सप्तमी	असुष्मिन्	असुयोः	अमीषु

नपुंसक लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	अदः	अमू	अमूनि
द्वितीया	अदः	अमू	अमूनि

और सब विभक्ति में पुंलिङ्ग के सदृश होता है ।

स्त्री लिङ्ग ।

	एक वचन	द्वि वचन	बहु वचन
प्रथमा	असौ	अमू	अमूः
द्वितीया	असूम्	अमू	अमूः
तृतीया	असुया	अमूभ्याम्	अमूभिः
चतुर्थी	असुष्यै	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
पञ्चमी	असुष्याः	अमूभ्याम्	अमूभ्यः
षष्ठी	असुष्याः	असुयोः	अमूषाम्
सप्तमी	असुष्याम्	असुयोः	अमूषु

संख्या वाचक शब्द ।

एक शब्द ।

यह तीनो लिङ्ग में सर्व शब्द के सदृश है ; कुछ भेद नहीं ।

अनेक शब्द ।

यह शब्द बहु वचनान्त, तीनों लिङ्ग में सर्व शब्द के सदृश है ।

द्वि शब्द—द्वि वचनान्त ।

पुंलिङ्ग द्वि वचन ।		स्त्री लिङ्ग द्वि वचन ।	नपुंसक लिङ्ग द्वि वचन ।
प्रथमा	द्वौ	द्वे	द्वे
द्वितीया	द्वौ	द्वे	द्वे
तृतीया	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
चतुर्थी	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
पञ्चमी	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
षष्ठी	द्वयोः	द्वयोः	द्वयोः
सप्तमी	द्वयोः	द्वयोः	द्वयोः

त्रि शब्द—बहु वचनान्त ।

पुंलिङ्ग बहु वचन ।		नपुंसक लिङ्ग बहु वचन	स्त्री लिङ्ग बहुवचन ।
प्रथमा	त्रयः	त्रीणि	तिस्रः
द्वितीया	त्रीन्	त्रीणि	तिस्रः
तृतीया	त्रिभिः	त्रिभिः	तिसृभिः
चतुर्थी	त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः
पञ्चमी	त्रिभ्यः	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः
षष्ठी	त्रयाणाम्	त्रयाणाम्	तिसृणाम्
सप्तमी	त्रिषु	त्रिषु	तिसृषु

चतुर् शब्द—बहु वचनान्त ।

पुंलिङ्ग बहु वचन ।		नपुंसक लिङ्ग बहु वचन	स्त्री लिङ्ग बहु वचन ।
प्रथमा	चत्वारः	चत्वारि	चतस्रः
द्वितीया	चतुरः	चत्वारि	चतस्रः
तृतीया	चतुर्भिः	चतुर्भिः	चतसृभिः
चतुर्थी	चतुर्भ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
पञ्चमी	चतुर्भ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
षष्ठी	चतुर्णाम्	चतुर्णाम्	चतसृणाम्
सप्तमी	चतुर्षु	चतुर्षु	चतसृषु

षट् शब्द—बहु वचनान्त ।

प्रथमा	द्वितीया	तृतीया	चतुर्थी	पञ्चमी	षष्ठी	सप्तमी
षट्	षट्	षड्भिः	षड्भ्यः	षड्भ्यः	षण्णाम्	षट्सु

तीनों लिङ्ग में इसी प्रकार के होते हैं।

अष्टन् शब्द बहु वचनान्त।

	बहु वचन		बहु वचन
प्रथमा	अष्टौ, अष्ट	द्वितीया	अष्टौ, अष्ट
तृतीया	अष्टाभिः, अष्टभिः	चतुर्थी	अष्टाभ्यः, अष्टभ्यः
पञ्चमी	अष्टाभ्यः, अष्टभ्यः	षष्ठी	अष्टानाम्
सप्तमी	अष्टासु, अष्टसु		

यह शब्द तीनों लिङ्ग में समान हैं।

पञ्चन् शब्द बहु वचनान्त।

	बहु वचन		बहु वचन		बहु वचन
प्रथमा	पंच	द्वितीया	पंच	तृतीया	पंचभिः
चतुर्थी	पंचभ्यः	पञ्चमी	पंचभ्यः	षष्ठी	पंचानाम्
सप्तमी	पंचसु				

यह शब्द भी तीनों लिङ्ग में समान हैं।

सप्तन्, नवन्, दशन्, आदि समस्त नकारान्त संख्या वाचक शब्द पंचन् शब्द के सदृश हैं।

अव्यय शब्द।

कुछ शब्द इस प्रकार के हैं कि उनके अन्तःस्थित जो उत्तर विभक्ति नहीं रहती है; सुतराम यह शब्द जैसा है वैसही रहता है कुछ भिन्न नहीं होता है; केवल अन्तेस्थित र और दन्त्य स के स्थान में विसर्ग होता है और द के स्थान में त् भी होता है इन्हीं शब्दों को अव्यय कहते हैं; यथा, प्रातर्, अन्तर्, स्वर, पुनर्, उचैस्, नीचैस्, शनैस्, वहिस्, नमस्, युगपत्, पृथक्, विना, ऋते, स्वयम्, सायम्, तथा, वृथा, मिथ्या, सह, सार्द्धम्, अलम्, अथ, एवम्, एव, नूनम्, धिक्, च, वा, तु, हि, भोस्, अथवा, प्र, परा, अप्, सम्, नि, अव, अनु, निर्, दुर्, वि, अधि, सु, उत्, परि, प्रति, अभि, अति, अपि, उप, आ।

यदि क्रिया के सहित योग होवे तो प्र से लेकर आ तक बीस अव्यय उपसर्ग कहते हैं।

स्त्री लिङ्ग प्रत्यय ।

अकारान्त शब्द को स्त्री लिङ्ग बनाने के लिये आ अथवा ई प्रत्यय होता है। यथा, सर्व, सर्वा ; स्थिर, स्थिरा ; प्रबल, प्रबला ; कृश, कृशा ; वैश्य, वैश्या ; शूद्र, शूद्रा ; दृढ़, दृढ़ा ; इत्यादि । वैष्णव, वैष्णवी ; नद, नदी ; हंस, हंसी ; मृग, मृगी ; गौर, गौरी ; कुमार, कुमारी ; सुन्दर, सुन्दरी ; इत्यादि ।

यदि शब्द के अन्त में मत् अथवा वत् रहे तो उन शब्दों को स्त्री लिङ्ग करने के लिये अन्त में ईकार होता है । यथा, बुद्धिमत्, बुद्धिमती ; श्रीमत्, श्रीमती ; भक्तिमत्, भक्तिमती ; बलवत्, बलवती ; लज्जावत्, लज्जावती ; विद्यावत्, विद्यावती ; गुणवत्, गुणवती ; इत्यादि ।

यदि शब्द के अन्त में अत् रहे तो उन शब्दों के अन्त में बहुधा ईकार होता है। तिसके मध्य में कुछ शब्दों के त् को न्ती होता है। यथा, गच्छत, गच्छन्ती; तिष्ठत् तिष्ठन्ती; पश्यत् पश्यन्ती; पतत् पतन्ती; नृत्यत् नृत्यन्ती ; वदत् वदन्ती ; गायत् गायन्ती ; ध्यायत् ध्यायन्ती ; रुदत् रुदन्ती ; कुर्वत् कुर्वन्ती ; गृह्णत् गृह्णन्ती ; द्विषत् द्विषन्ती ; खुवत् खुवन्ती ; इत्यादि ।

यदि स्त्री लिङ्ग शब्दों के अन्त में इन् रहे तो अन्त में ई होता है । यथा, कमलिन्, कमलिनी ; मालिन्, मालिनी ; मानिन्, मानिनी ; शुभदायिन्, शुभदायिनी ; मनोहारिन्, मनोहारिनी ; चमत्कारिन्, चमत्कारिनी ; मेधाविन्, मेधाविनी ; मायाविन्, मायाविनी ; इत्यादि ।

यदि स्त्री लिङ्ग शब्दों के अन्त में ह्रस्व उ होय तो उकार के आगे ई विकल्प करके होता है। यथा, मृदु, मृद्वी, मृदुः ; साधु, साध्वी, साधुः ; गुरु, गुर्वी, गुरुः ; लघु, लघ्वी, लघुः ; इत्यादि ।

यदि स्त्री लिङ्ग शब्दों के अन्त में ऋ रहे तो ऋकार के आगे ई होता है यथा, कर्तृ, कर्त्री ; धातृ, धात्री ; जनयितृ, जनयित्री ; प्रसवितृ, प्रसवित्री इत्यादि ।

कारक ।

कारक छः प्रकार के हैं । अपादान, संप्रदान, करण, अधिकरण,

कर्म्म, कर्त्ता।

अपादान।

जिससे कोई वस्तु अथवा जीव चले, डरे, ग्रहण करे अथवा उत्पन्न होवे उस को अपादान कारक कहते हैं। अपादान कारक में पञ्चमी विभक्ति होती है। यथा, वृक्षात्पत्रम्पतति वृक्ष से पत्र गिरता है, व्याघ्रात् बिभेति, व्याघ्र से डरता है। सरोवरात् जलं गृह्णाति, सरोवर से जल लेता है। दुग्धात् घृतमुत्पद्यते, दूध से घी उत्पन्न होता है।

संप्रदान।

जिसको कोई वस्तु दान किया जावे उसको संप्रदान कारक कहते हैं। संप्रदान कारक में चतुर्थी विभक्ति होती है। यथा, दरिद्राय धनं दीयताम्, दरिद्र को धन दो। मह्यं पुस्तकं देहि, मुझको पुस्तक दो। दीनेभ्यः अन्नं देहि, दुःखियों को अन्न दो।

करण।

जिस से कार्य सिद्ध होता है उसको करण कहते हैं। करण कारक में तृतीया विभक्ति होती है। यथा, हस्तेन गृह्णाति, हाथ से लेता है। चक्षुषा पश्यति, नेत्र से देखता है। दन्तेन चर्वति, दाँत से चबाता है। दण्डेन ताड़यति, दण्ड से ताड़न करता है। जलेन अग्निं निर्वापयति, जल से अग्नि बुझाता है।

अधिकरण।

क्रिया का जो आधार है वह अधिकरण कहा जाता है। अधिकरण कारक में सप्तमी विभक्ति होती है। यथा, शय्यायां शेते, बिस्तरे पर सोता है। आसने उपविशति, आसन पर बैठता है। गृहे तिष्ठति, घर में रहता है। विद्यायां अनुरागो विद्यते, विद्या में प्रीति है। सुखेऽभिलाषोऽस्ति, सुख में अभिलाषा है। दुग्धे माधुर्य्यमस्ति, दूध में मधुरता है। कलसे जलमस्ति, कलसा में जल है। तिलेषु तैलमस्ति, तिल में तेल है। पात्रे दुग्धं स्थापयति, पात्र में दूध रखता है। वर्षासु वृष्टिर्भवति, वर्षाकाल में वृष्टी होती है। सायङ्काले सूर्य्योऽस्तं याति, सन्ध्या के समय सूर्य अस्त होता है। रात्रौ चन्द्रमा उदेति, रात्रि में चन्द्रमा उदय होता है।

कर्म कारक ।

जो किया जावे, जो देखा जावे, जो खाया जावे, और जो पीया जावे, जो दान दिया जावे, अथवा जो स्पर्श किया जावे, वह कर्म कारक कहलाता है । कर्म कारक में द्वितीया विभक्ति होती है। यथा, घटं करोति, घट बनाता है। चन्द्रम्पश्यति, चन्द्रमा को देखता है। अन्नं भुङ्क्ते, अन्न खाता है । दुग्धम्पिबति, दुग्ध पान करता है। धनं ददाति, धन देता है। गात्रं स्पृशति, शरीर स्पर्श करता है। शत्रुञ्जयति, शत्रु को जीतता है। शास्त्रम् अधीते, शास्त्र पढ़ता है। पुष्पम् चिनोति, फूल को बटोरता है। गुरुम् पृच्छति, गुरू को पूछता है। ग्रामम् गच्छति, गांवँ को जाता है।

कर्त्ता कारक ।

जो कोई काम करे वह कर्त्ता है; कर्त्ता में प्रथमा विभक्ति होती है। यथा, देवदत्तो गच्छति, देवदत्त जाता है; बालको रोदिति, बालक रोता है; मृगो धावति, मृग दौड़ता है; मृगौ धावतः,२ मृग दौड़ते हैं; मृगा धावन्ति, अनेक मृग दौड़ते हैं।

विशेष शब्द के विशेष अर्थ के रीति से विभक्ति का निर्णय ।

सम्बोधन में प्रथमा विभक्ति होती है; यथा, हे पितः, हे भ्रातरौ, हे पुत्राः, इत्यादि ।

जिस स्थल में क्रिया पद अथवा कर्म पद न रहे केवल कोई वस्तु अथवा जीव समझाने के लिये शब्द प्रयोग किया जाय उस स्थल में प्रथमा विभक्ति होती है। यथा, वृक्षः, नदी पुष्पम्, जलम्, नरः, महिषः, राजा, गृहम्, पुस्तकम्, अन्नम्, वस्त्रम्, इत्यादि।

धिक्, प्रति, इत्यादि कई एक शब्द मिलाने से द्वितीया विभक्ति होती है। यथा, पापिनम् धिक्, पापी को धिक; कृपणम् धिक्, कृपण को धिक्; गुरो माम्प्रति सदयो भव, हे गुरु मुझ पर दया करो; दीनम्प्रति दया उचिता, दुखिया के ऊपर दया करनी उचित है ।

क्रिया के विशेषण में द्वितीया विभक्ति का एक वचन होता है

और नपुंसक लिङ्ग की समान रूप होता है । यथा, शीघ्रङ्गच्छति, शीघ्र चलता है ; सत्वरन्धावति, शीघ्र दौड़ता है ; मधुरम् हसति, मधुर हँसता है ।

सह, सार्द्धम्, अलम्, किम्, इत्यादि कई एक शब्द के योग में तृतीया विभक्ति होती है । यथा, रामः लक्ष्मणेन सह वनं जगाम, राम लक्ष्मण के सहित वन गये थे ; केनापि सार्द्धम् विरोधो न कर्तव्यः, किसी के साथ विरोध करना उचित नहीं है ; विवादेन अलम्, विवाद मत करो ; कलहेन किम्, कलह से कुछ प्रयोजन नहीं ।

निमित्त अर्थ में और नमस् शब्द के योग से चतुर्थी विभक्ति होती है । यथा, ज्ञानाय अध्ययनम्, ज्ञान के वास्ते पढ़ना ; सुखाय धनोपार्जनम्, सुख के वास्ते धन बटोरना ; परोपकाराय सतां जीवनम्, पराये के उपकार के लिये सज्जनों का जीवन ; गुरवे नमः, गुरु को प्रणाम ; पित्रे नमः, पिता को प्रणाम ।

हेतु अर्थ में तृतीया और पञ्चमी विभक्ति होती है यथा, भयेन कम्पते, डर से काँपता है ; क्रोधेन ताड़यति, क्रोध से ताड़न करता है ; हर्षात् नृत्यति, हर्ष से नाचता है ; दुःखात् रोदिति, दुःख से रोती है ।

अन्य, पृथक् इत्यादि कई एक शब्द के योग से अपेक्षा अर्थ में पञ्चमी विभक्ति होती है । यथा, मित्रादन्यः कः परित्रातुं समर्थः, मित्र के बिना कौन रक्षा कर सकता है ; इदमस्मात् पृथक्, यह इस से जुदा है ; धनात् विद्या गरीयसी, धन से विद्या श्रेष्ठ ।

बिना शब्द के योग से द्वितीया तृतीया और पञ्चमी विभक्ति होती है । यथा, विद्यां बिना वृथा जीवनम्, विद्या बिना जीवन व्यर्थ ; यत्नेन बिना किमपि न सिध्यति, यत्न बिना कुछ सिद्ध नहीं होता ; पापात् बिना दुःखं न भवति, बिना पाप के दुःख नहीं होता है ।

ऋते शब्द के योग से द्वितीया और पञ्चमी विभक्ति होती है ; यथा, श्रमम् ऋते विद्या न भवति, बिना परिश्रम विद्या नहीं होती है ; धर्मात् ऋते सुखं न भवति, बिना धर्म सुख नही होता है ।

सम्बन्ध में षष्ठी विभक्ति होती है । यथा, मम हस्तः, हमारा

हाथ ; तव पुत्रः, तुम्हारा पुत्र ; नद्याः जलम्, नदी का जल ; वृक्षस्य शाखा, वृक्ष का डार ; कोकिलस्य कलरवः, कोकिल का प्रिय शब्द ; प्रभोरादेशः, प्रभू की आज्ञा ।

सम, तुल्य, समान, सदृश, इत्यादि शब्द के योग में तृतीया और षष्ठी विभक्ति होती है । यथा, विद्यया समम् धनम् नास्ति, विद्या के समान धन नही ; विनयस्य तुल्यगुणो नास्ति, विनय के तुल्य गुण नही है ।

जिस स्थल में अनेक के मध्य में एक वस्तु वा व्यक्ति की निश्चय किया जावे उस स्थल में वह निर्धारण कहा जाता है । निर्धारण अर्थ में षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होती है । यथा, पर्वतानां हिमालयः श्रेष्ठः, पर्वतों में हिमालय श्रेष्ठ है ; कविषु कालिदासः श्रेष्ठः, कवियों में कालिदास श्रेष्ठ है ।

विशेष्य विशेषण ।

जिससे कोई वस्तु वा जीव का बोध होता है उस को विशेष्य पद कहते हैं । यथा, गृहम्, जलम्, वृक्ष, लता, नौका, वस्त्रम्, पुस्तकम्, पृथ्वी, चन्द्रः, सूर्य्यः, नक्षत्रम्, शिशुः, इत्यादि ।

जिससे विशेष्य का गुण और अवस्था प्रकाश होवे वह विशेषण पद कहा जाता है । विशेषण पद प्रायः विशेष्य पद के पूर्व रहता है यथा, नूतनम् गृहम्, निर्मलम् जलम्, फलवान् वृक्षः, पुष्पिता लता, भग्ना नौका, छिन्नम् वस्त्रम्, उत्तमम्, पुस्तकम्, गोलाकारा पृथ्वी, शीतलश्चन्द्रः, प्रदीप्तः सूर्य्यः, उज्वलम् नक्षत्रम्, धार्मिकः पुरुषः, सुशीलः शिशुः ।

कुछ विशेष्य शब्द पुंलिङ्ग कुछ स्त्री लिङ्ग कुछ नपुंसक लिङ्ग होता है । विशेष्य शब्द का जो लिङ्ग है वही लिङ्ग विशेषण शब्द का भी होता है । यथा, सुन्दरः शिशुः, सुन्दरी कन्या, सुन्दरम् गृहम्, उज्वलः शशी, उज्वला दीपशिखा, उज्वलम् नक्षत्रम्, बुद्धिमान् पुरुषः, बुद्धिमती स्त्री, निर्मला बुद्धिः, निर्मलम् जलम् । विशेष्य पद जिस बचन का रहता है विशेषण पद भी वही बचन का होता है ; अर्थात् विशेष्य पद एक बचनान्त होने से विशेषण पद भी एक बचनान्त होता है ; विशेष्य पद [illegible] होने से विशेषण पद

भी बहु वचनान्त होता है ; यथा, बलवान् सिंहः, बलवन्तौ सिंहौ, बलवन्तः सिंहाः, वेगवती नदी, वेगवत्यौ नद्यौ, वेगवत्यः नद्यः, निविड़ं वनम्, निविड़े वने, निविड़ानि वनानि ।

विशेष्य पद की जो विभक्ति होती है वही विभक्ति विशेषण पद की भी होती है । यथा, सुन्दरः शिशुः, सुन्दरम् शिशुम्, सुन्दरेण शिशुना, सुन्दराय शिशवे, सुन्दरात् शिशोः, सुन्दरस्य शिशोः, सुन्दरे शिशौ । निर्मलम् जलम, निर्मलेन जलेन, निर्मलाय जलाय, निर्मलात् जलात्, निर्मलस्य जलस्य, निर्मले जले ।

तिङन्त प्रकरण ।

भू, स्था, गम्, दृश, आदि को धातु कहते हैं । एक एक धातु एक एक क्रिया समझी जाती है । धातु के उत्तर जो विभक्ति होती हैं उन को तिङ् कहते हैं । इस लिए क्रिया वाचक पद तिङन्त कहा जाता है । क्रिया तीन काल की होती है, वर्त्तमान, अतीत, भविष्यत् । जो उपस्थित है वह वर्त्तमान काल कहा जाता है । यथा, पश्यति, देखता है ; पश्यामि, देखता हूं ; करोति, करता है ; करोमि, करता हूं । जो गत हो गया वह अतीत काल कहा जाना है । यथा, ददर्श, देखा ; वा देख चुका, देखा था ; चकार, किया वा किया था । जो होने वाला है वह भविष्यत् काल कहा जाता है । यथा, गमिष्यामि, जाउंगा ; करिष्यामि, करूंगा ।

क्रिया के तीन बचन होते हैं, एक बचन, द्वि बचन, बहु बचन । एक बचन से एक पुरुष की क्रिया समझी जाती है ; द्वि बचन से दो पुरुष की क्रिया समझी जाती है ; बहु बचन से अनेक पुरुष की क्रिया समझी जाती है ; यथा, गच्छामि, जाता हूं ; गच्छावः, हम दोनों जाते हैं ; गच्छामः, हम सब जाते हैं ; गमिष्यसि, तुम जावगे ; गमिष्यथः, तुम दोनों जावगे ; गमिष्यथ, तुम सब कोई जावगे । गमिष्यति, वह जायगा ; गमिष्यतः, वह दोनों जायेंगे ; गमिष्यन्ति, वह सब कोई जायेंगे ।

प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष, और उत्तम पुरुष में धातु के उत्तर भिन्न भिन्न विभक्ति होती हैं इस लिए क्रिया वाचक पद भिन्न

भिन्न होती हैं। अस्मद् शब्द से उत्तम पुरुष समझा जाता है। युष्मद् शब्द से मध्यम पुरुष समझा जाता है; इस के सिवाय प्रथम पुरुष समझा जाता है। यथा, अहङ्गच्छामि, मैं जाता हूं; त्वङ्गच्छसि, तुम जाते हो; राजा गच्छति, राजा जाता है।

अकर्मक क्रिया।

जिस क्रिया का कर्म पद आवश्यक नहीं है उस को अकर्मक अर्थात् कर्म शून्य क्रिया कहते हैं। यथा, अहन्तिष्ठामि, मैं स्थित हूं; शिशुः शेते, बालक सोता है; अश्वो धावति, घोड़ा दौड़ता है; नदी वर्द्धते, नदी बढ़ती है।

सकर्मक क्रिया।

जो क्रिया के सहित कर्म पद रहे उन को सकर्मक अर्थात् कर्म युक्त क्रिया कहते हैं। यथा, गुरुः शिष्यम् उपदिशति, गुरु शिष्य को उपदेश करता है; रामः रावणम् जघान, राम रावण को वध किया था।

धातु रूप। अकर्मक।

भू धातु होना—वर्त्तमान काल।

	प्रथम पुरुष	मध्यम पुरुष	उत्तम पुरुष
एक वचन	भवति	भवसि	भवामि
द्वि वचन	भवतः	भवथः	भवावः
बहु वचन	भवन्ति	भवथ	भवामः

अतीत काल।

	प्रथम पुरुष	मध्यम पुरुष	उत्तम पुरुष
एक वचन	बभूव	बभूविथ	बभूव
द्वि वचन	बभूवतुः	बभूवथुः	बभूविव
बहु वचन	बभूवुः	बभूव	बभूविम

भविष्यत्काल।

